# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## आज दोपहर में साउथ अफ्रीका और शाम को इंडिया करेगी नेट प्रैक्टिस



बस से उतरकर होटल जाते हुए विराट कोहली

# टीम इंडिया और साउथ अफ्रीका टीम का रायपुर में भव्य स्वागत...आज अभ्यास, कल दे दनादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बुधवार को खेले जाने वाले दूसरे वनडे मैच के लिए टीम इंडिया और साउथ अफ्रीका की टीम सोमवार को रायपुर पहुंच गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोनों टीमें एयरपोर्ट से सीधे मेयफेयर होटल रवाना हुईं। एयरपोर्ट पर फैंस का उत्साह देखने ▶▶|शेष पेज 7 पर



### छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य से किया स्वागत

जैसे ही टीम इंडिया और साउथ अफ्रीका के खिलाड़ी एयरपोर्ट से होटल पहुंचे, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धुनों और लोक नृत्य के जरिए हुआ जबरदस्त स्वागत। पारंपरिक वेशभूषा में लोक कलाकारों ने ढोल-मांदर की थाप पर थिरकते हुए भारत की सांस्कृतिक विविधता का शानदार परिचय दिया। छत्तीसगढ़ की परंपरा अनुसार सभी का स्वागत किया गया।



### दोनों टीमें कल सुबह 10 से 11 के बीच पहुंचेंगी स्टेडियम

बुधवार को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाने वाले दूसरे वनडे मैच से पहले दोनों टीमों की तैयारियां जोरों पर हैं। मंगलवार को टीम इंडिया शाम 5 बजे अभ्यास के लिए मैदान में उतरेगी, जबकि साउथ अफ्रीका की टीम दोपहर के समय नेट प्रैक्टिस करेगी। मैच वाले दिन यानी बुधवार को दोनों टीमें सुबह 10 से 11 बजे के बीच स्टेडियम पहुंच जाएंगी। मुकाबला दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा। तैयारियों को लेकर स्टेडियम और दोनों टीमों के मैनेजमेंट की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।


आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹96534/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹117900/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹128699/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

aNAND Jewels Pandri, Raipur


## खबर संक्षेप

### पहला टिकट भगवान जगन्नाथ को समर्पित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा क्रिकेट संघ (ओसीए) ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच नौ दिसंबर को होने वाले टी-20 मैच का पहला टिकट भगवान जगन्नाथ को भेंट किया और खेल के सुचारू संचालन के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगा।

### बांग्लादेश की पूर्व पीएम को पांच साल की सजा

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को जमीन घोटाला मामले में पांच साल की जेल और उनकी भांजी एवं ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीक दो साल जेल की सजा सुनाई। न्यायाधीश मोहम्मद रबीउल आलम ने हसीना की बहन शेख रेहाना को भी सात साल जेल की सजा सुनाई।

## संसद का शीतकालीन सत्र शुरू, पहले ही दिन जमकर हंगामा, वॉकआउट

# एसआईआर पर घमासान के बीच वंदे मातरम पर संसद में होगी चर्चा, 10 घंटे का समय अलॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही बाधित रही। सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के बीच ही लोकसभा ने 'मणिपुर माल और सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025' पारित किया। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' पेश किया। सुबह 11 बजे सदन की बैठक राष्ट्रगान की धुन के साथ शुरू हुई। बैठक शुरू होने पर सबसे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को कुछ दिवंगत पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी दी और सभा ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद अध्यक्ष ने महिला विश्वकप क्रिकेट और महिला कबड्डी ▶▶|शेष पेज 7 पर

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। विपक्षी दलों ने एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। चर्चा नहीं कराए जाने की वजह से दोनों सदनों से विपक्षी सांसद वॉकआउट कर गए। इस बीच, केंद्र सरकार ने वंदे मातरम पर इसी हफ्ते संसद में विशेष चर्चा कराने का फैसला किया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इसके लिए 10 घंटे का समय अलॉट किया है। ऐसी उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस चर्चा में भाग लेंगे।

### नारेबाजी के बीच वित्त मंत्री ने पेश किए दो विधेयक



### खरगे ने धनखड़ के इस्तीफे पर उठाया सवाल



राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के "अप्रत्याशित और अचानक" इस्तीफे का जिक्र किया। इस पर सत्तापक्ष के सदस्यों ने विरोध जताते हुए कहा कि यह अवसर ऐसा विषय उठाने के लिए उचित नहीं है। खरगे ने कहा कि धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दिया था और उनका अचानक पद छोड़ना संसदीय इतिहास में असामान्य घटना है।

### पीएम मोदी ने विपक्ष पर बोला हमला

### कहा- संसद ड्रामा करने की जगह नहीं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि संसद 'ड्रामा' करने की जगह नहीं है, यह काम करने की जगह है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्ष संसद को चुनावी हार के बाद "हताशा निकालने का मंच" बना रहा है। संसद परिसर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्र को राजनीतिक ड्रामे का रंगमंच नहीं बनाना चाहिए, बल्कि यह रचनात्मक और परिणामोन्मुखी बहस का मंच होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि विपक्ष चाहे तो वह उसे राजनीति में सकारात्मकता लाने के कुछ सुझाव देने को तैयार हैं।

### मणिपुर माल और सेवा कर विधेयक पारित

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच ही 'केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' पेश किया। पीठासीन सभापति संध्या राय ने हंगामा कर रहे सदस्यों से नारेबाजी बंद करने और सदन चलने देने की अपील की। पीठासीन सभापति कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने विपक्ष के हंगामे के बीच ही 'मणिपुर माल और सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025' पर चर्चा शुरू कराई। सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी।

### 'एसआईआर वापस लो' के नारे

विपक्ष के हंगामे के बीच ही भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अनुराग शर्मा ने केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से संबंधित पूरक प्रश्न पूछे, जिनके केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने उत्तर दिए। विपक्षी सदस्यों ने 'एसआईआर वापस लो' और 'लोकतंत्र की हत्या बंद करो' के नारे लगाए। हंगामे के बीच ही पीठासीन सभापति संध्या राय ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए।

## 13 को जगदलपुर में बस्तर ओलंपिक का करेंगे समापन

# 12 दिन बाद फिर आएंगे अमित शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक दिन पहले ही चार दिनों तक राजधानी रायपुर में रहकर लौटे हैं, अब वे एक बार फिर से 12 दिनों बाद 13 दिसंबर को बस्तर ओलंपिक का समापन करने के लिए जगदलपुर आएंगे। इसी दिन प्रदेश सरकार के दो साल भी पूरे हो रहे हैं। प्रदेश सरकार अपने दो साल पूरे होने पर कई आयोजन करने वाली है। एक बड़े आयोजन में केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी आएंगे। यह आयोजन 22 दिसंबर को होगा। केंद्र सरकार लगातार छत्तीसगढ़ पर बहुत ज्यादा ध्यान दे रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी लगातार छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। उन्होंने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने का ऐलान किया है। अब नक्सलवाद अंतिम सांसें भी ले रहा है। नक्सलवाद को लेकर अमित शाह छत्तीसगढ़ और दिल्ली में ▶▶|शेष पेज 7 पर



### बस्तर ओलंपिक में बीते साल भी आए थे

अमित शाह बस्तर ओलंपिक के समापन में बीते साल भी आए थे, एक बार फिर से बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। 11 दिसंबर से संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन जगदलपुर में होगा। इसमें साढ़े तीन हजार खिलाड़ी शामिल होंगे। डिप्टी सीएम और खेल मंत्री अरुण साव ने बताया, 13 दिसंबर को बस्तर ओलंपिक के समापन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। श्री साव ने बताया, बस्तर ओलंपिक में नक्सल पीड़ित और पुनर्वासित ▶▶|शेष पेज 7 पर

## गिनती नहीं सुनाने पर की थी मासूम की पिटाई

# दूसरी के बच्चे से मारपीट करने वाला प्रधानपाठक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रामानुजगंज



फॉलोअप

गिनती नहीं सुनाने पर कक्षा दूसरी के छात्र से बेरहमी से मारपीट करने वाले शिक्षक को अब पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शिक्षक को पूर्व में ही स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निलंबित कर दिया गया था जबकि अब जांच के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है। बता दें कि त्रिकुंड़ा थाना अंतर्गत ग्राम पलगी छितौलीपारा निवासी 32 वर्षीय धनंजय यादव का 7 वर्षीय पुत्र भागीरती ▶▶|शेष पेज 7 पर



### भेजा गया जेल

पुलिस ने बीएनएस की धारा 296,115 (2) एवं किशोर न्याय, (बालको की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 75, 82 दर्ज के तहत ग्राम पलगी निवासी 56 वर्षीय प्रधानपाठक उदय कुमार यादव आ. स्व. रामजी यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पूर्व में ही आरोपी को निलंबित कर दिया गया था।

## हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताजी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की

# छग के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने ग्वालियर पहुंच जताई शोक संवेदनाएं



**ग्वालियर।** छत्तीसगढ़ सरकार के वन मंत्री केदार कश्यप ने हरिभूमि-आईएनएच समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताजी पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी के निधन पर ग्वालियर स्थित निवास पर पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री केदार कश्यप ने डॉ. हिमांशु द्विवेदी से मुलाकात कर अपनी ▶▶|शेष पेज 7 पर



### इन्होंने भी दी श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि व्यक्त करने के लिए पहुंचने वाले लोगों में राकेश रुस्तम सिंह मुरैना, जिला अध्यक्ष भाजपा ग्वालियर महानगर जयप्रकाश राजोरिया, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ग्वालियर महानगर गिर्राज व्यास, जिला महामंत्री विनय जैन, भगत सिंह मंडल अध्यक्ष भाजपा मुकेश दुबे, जिला ▶▶|शेष पेज 7 पर

## दिग्गज अभिनेत्री के बयान पर छिड़ी नई बहस

# जया का बड़ा बयान, कहा-शादी आउटडेटेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जया बच्चन और अमिताभ बच्चन का रिश्ता काफी उतार-चढ़ाव से गुजरा है। दोनों के रिश्ते के बारे में मीडिया में भी काफी कुछ लिखा गया है। जया बच्चन के साथ शादीशुदा होते हुए भी अमिताभ बच्चन का नाम रेखा के साथ जुड़ता रहा और दोनों के अफेयर की काफी चर्चाएं भी रहीं। इन सबके बीच अब जया बच्चन ने एक इवेंट में शिरकत करने के दौरान कहा कि शादी आउटडेटेड है। उनका शादी से भरोसा उठ गया है और वो अपनी नातिन नव्या नवेली नंदा को शादी करने की सलाह कभी नहीं देती हैं। दिग्गज अभिनेत्री जया बच्चन ▶▶|शेष पेज 7 पर



### अमिताभ के लिए शादी गलती?

जब पूछा गया कि क्या अमिताभ बच्चन भी शादी पर ऐसे ही विचार रखते हैं, जया ने कहा, "मैंने उनसे कभी पूछा नहीं। वो ये भी कह सकते हैं कि 'ये मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी गलती थी,' लेकिन मैं ये सुनना नहीं चाहती। जया ने माना कि हालांकि आज उनके शादी को लेकर विचार बदल चुके हैं, लेकिन वो अमिताभ को पहली नजर में ही पसंद करने लगी थीं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें याद है कि वो कब प्रेम में पड़ीं, तो उन्होंने मजाक में कहा, "आपको पुरानी चिंगारी क्यों कुरेदनी है? मैं पिछले 52 सालों से उसी आदमी से शादी करके साथ रह रही हूं।

### नहीं चाहती नातिन नव्या शादी करे

जया बच्चन ने आगे कहा, मैं नहीं चाहती कि नातिन नव्या शादी करें। इसपर जब दिग्गज एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि शादी अब पुरानी चीज हो चुकी है। इसपर सहमति जताते हुए जया कहती हैं, 'हां, बिल्कुल. अब मैं दादी-नानी बन चुकी हूं। नव्या कुछ ही दिनों में 28 साल की हो जाएगी। मैं अब इतनी बुढ़ी हो चुकी हूं कि आज कल की लड़कियों को शादी पर कोई सलाह नहीं दे सकती हूं। अब बहुत कुछ बदल गया है और आज के छोटे बच्चे इतने समझदार हैं कि वे आपको भी मात दे देंगे।

### इधर, जया पर भड़के अशोक पंडित

जया बच्चन ने कैमरा लेकर सेलेब्स की तस्वीरें उतारने वाले पैप्स की तुलना 'चूहों' से की थी। बच्चन के इस बयान के बाद फिल्म इंडस्ट्री और मीडिया हलकों में नई बहस छिड़ गई है। फिल्ममेकर अशोक पंडित ने इस पर दिग्गज एक्ट्रेस की आलोचना की है। उन्होंने जया को 'घमंडी' तक कह दिया है। अशोक पंडित ने कहा कि जया बच्चन का पपराजी को लेकर रवैया उनके 'घमंड' को दिखाता है। 'भारतीय फिल्म और टेलीविजन निर्देशक संघ' के अध्यक्ष अशोक पंडित ने कहा, 'जया बच्चन जी का यह कहना, उनकी घमंडी अमीरों वाली सोच को दिखाता है।




कैलास जीवन

मल्टिपर्पज् आयुर्वेदिक क्रीम

**एडियोंका फटना**

पाँव धोकर, कुछ देर तक गुनगुने पानी में रखिए, नरम बनने के बाद मुलायम सुती कपडे से सुखाएँ. फटी एडियों पर कैलास जीवन धीरेसे लगाएँ. मलना नही. कैलास जीवन त्वचामें घुल जाएगा और फटी एडियों पर असर करेगा. एडियाँ और पाँव की त्वचा साफ, मुलायम बन जाएगी.

**कील-मुहाँसे**

चेहरा गुनगुने पानीसे सेकने के बाद धोकर नरम मुलायम सुती कपडेसे सुखाकर कैलास जीवन हल्के हाथोंसे चेहरेपर लगाइए. कील-मुहाँसों की तकलीफ से राहत मिलेगी. चेहरा साफ, कांतिमान होकर निखर आएगा.

**आँखों की जलन**

गुनगुने पानीसे चेहरा और आँखें साफ कीजिए. रात को सोते समय कैलास जीवन आँखों की पलकों पर हलकासा लेप लगाकर रूई की पट्टी रखिए. आँखों की जलन से आराम पाइए और शान्त एवम् गहरी निद्रा का अनुभव लिजिए.

**बवासीर / फिशर्स**

एक चम्मच कैलास जीवन में उतनी ही मात्रा पीसी शक्कर मिला कर रोज रात (२१ दिनों तक) सेवन किजिए तथा प्रतिदिन २-३ बार उस जगह पर लगाइए. बवासीर, फिशर्स से राहत मिलेगी. परहेज आवश्यक.

एड़ियों का फटना, मुहाँसे, हाथ पाँव और आँखों की जलन, मुँह के छाले, कटना, जलना, झुलसना, डायपर-नॅपी रॅश आदि के लिए गुणकारी। विकार अनेक, इलाज एक... आजही खरीदिए।

Also available on amazon Flipkart netmeds.com

Available in: 20g Tube, 30g, 60g, 120g, 230g Bottle

| Manufacturer: ASUM, Pune. 020-24486865 | Customer Care: Prashant: 91300 26070 | asumkj@gmail.com | www.asum.com |

Distributors:

Raipur: Mahesh Medicos: 0771 - 2228437, Shree Gulab Traders: 0771 - 4047174

Bilaspur: Pankaj Medico Traders: 07752 - 401271,

Durg: Satyendra Medicos: 0788 - 2214827 / 4050827

खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान दितवाह के प्रभाव से शीतलहर के कुछ राहत मिली है, जबकि छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट में ठंड का कहर अभी भी जारी है। मैनपाट स्थित आलू अनुसंधान केंद्र द्वारा शनिवार को न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान के प्रभाव से पिछले दो दिनों से पारा में वृद्धि हो रही है। उत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से पिछले पांच दिनों से तापमान में लगातार गिरावट हो रही थी तथा गुरुवार को न्यूनतम पारा 6 डिग्री पर पहुंच गया था।

# छत्तीसगढ़ के शिमला 'मैनपाट' का पारा 5 डिग्री पर, शहर में ठंड से राहत

## समुद्री तूफान के कारण शीतलहर से मिली राहत, शाम होते ही छा रहा कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

चक्रवाती तूफान के प्रभाव से शुक्रवार से तापमान में क्रमशः वृद्धि हो रही है। शुक्रवार को पारा में 0.9 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई थी जबकि शनिवार को पारा 1.6 डिग्री की वृद्धि के साथ 8.5 डिग्री रिकार्ड किया गया था। रविवार को तापमान में आंशिक गिरावट दर्ज की गई थी। वहीं सोमवार को न्यूनतम पारा बढ़कर 10.4 डिग्री पर पहुंच गया है। हालाकि उत्तर भारत का मौसम साफ होने के



कारण अभी भी उत्तर की सर्द हवाओं का प्रवाह जारी है। मौसम विज्ञानी चक्रवाती तूफान के प्रभाव से वातावरण में नमी की मात्रा बढने के कारण आगामी दिनों में पारा में वृद्धि होने एवं ठंड से राहत मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। चक्रवाती तूफान के कमजोर पड़ने के बाद एक बार फिर तापमान में गिरावट होने के साथ ही कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जताई जा रही है। उत्तर की सर्द हवाओं के प्रभाव से अभी भी सुबह-शाम अच्छी ठंड पड़ रही है।

### एक सप्ताह से पारा 4-5 डिग्री पर

इधर छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट में अभी भी शीतलहर का कहर जारी है तथा पिछले एक सप्ताह से पारा 4-5 डिग्री के बीच स्थिर है। शनिवार को मैनपाट का न्यूनतम पारा 4.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। वहीं सोमवार को पारा 5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। अभी भी कड़ाके की ठंड पड़ने से मैनपाट का जनजीवन प्रभावित है। शनिवार को



मैनपाट में सुबह पाला की सफेद चादर बिछ गई थी। कड़ाके की ठंड पड़ने के कारण लोग धूप निकलने के बाद ही अपने घरों से बाहर निकल रहे है। शाम ढलते ही चारों तरफ कोहरा छाने के कारण क्षेत्रवासियों की समस्या बढ़ गई है।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग को गर्भपात कराने की हाईकोर्ट ने दी परमिशन



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने एक नाबालिग बलात्कार पीड़िता को 21 सप्ताह का गर्भ समाप्त कराने की परमिशन दे दी है। हाईकोर्ट ने दोहराया कि ऐसा न करने पर उसकी शारीरिक अखंडता के अधिकार का उल्लंघन होगा, उसके मानसिक आघात में वृद्धि होगी तथा उसके शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। लाइल लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू ने कहा कि इसमें कोई विवाद नहीं है कि याचिकाकर्ता जबरन यौन संबंध/बलात्कार की शिकार है। वह गर्भपात कराना चाहती है, क्योंकि वह बलात्कारी के बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती। गर्भपात कराना उसका निजी फैसला है, जिसका न्यायालय को सम्मान करना चाहिए क्योंकि यह उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का एक पहलू है। जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने सुचिता श्रीवास्तव सुप्रा मामले में कहा है। गर्भावस्था जारी रखने से उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि यह देखते हुए कि याचिकाकर्ता की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सम्मान किया जाना चाहिए और यह अजन्मे बच्चे के लिए और भी अधिक खतरनाक हो सकता है।

### नाबालिग छात्रा सहित दो ने लगाया मौत को गले

**धमतरी।** दुगली थानांतर्गत ग्राम सारंगपुरी की कक्षा 8वीं की छात्रा रितिका साहू 13 वर्ष ने अपनी इहलीला समाप्त कर ली। रितिका के पिता परमेश्वर साहू ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी आठवीं कक्षा की छात्रा थी। 30 नवंबर को वह अपनी पत्नी के साथ ससुराल गया था। रात 10.25 बजे उसके बड़े भाई ने फोन पर सूचना दी कि रितिका ने जहर सेवन कर लिया है। नरहरपुर इलाज के लिए ले जा रहे हैं। नरहरपुर से उसे धमतरी मसीही अस्पताल लाया गया। रात 12.15 बजे डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। अर्जुनी थानांतर्गत सरसोंपुरी निवासी रविंद्र यादव 25 वर्ष पिता लालजी ने रविवार की रात घर की बाड़ी में लगे इमली पेड़ में फांसी लगा ली। सोमवार की सुबह परिजनों ने देखने के बाद सूचना पुलिस को दी। पंचनामा के बाद शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में किया गया। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

### युवक ने खाया जहर, हुई मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बारदेवरी निवासी 25 वर्षीय अजय कुमार नाग का इलाज के दौरान 30 नवंबर को मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### 7 दिनों से जेआरडी स्कूल के सामने बैठकर धरना दे रहे जमीन कारोबारी

# नई गाइडलाइन का विरोध कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज, पुलिस -प्रदर्शन की अनुमति नहीं थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग


छत्तीसगढ़ में जमीन की नई गाइडलाइन दरों और बढ़ोत्तरी को लेकर पिछले सात दिनों ने धरने पर बैठे जमीन कारोबारियों का आंदोलन सोमवार को उग्र हो गया। उन्होंने पहले दोपहर करीब साढ़े 3 बजे जुलूस निकाला। इसके बाद पटेल चौक में पहुंचकर चक्काजाम का प्रयास किया। इस बीच पुलिस ने उनकी झूमाझटकी हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से धक्कामुक्की शुरू कर दी। यहां तक पानी पाउच फेंके। इसके बाद पुलिस ने पहले हल्का बल प्रयोग किया। भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास किया। बावजूद प्रदर्शनकारी मौके पर जमे रहे। इस पर पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। इस दौरान कुछ पुलिस वालों और प्रदर्शनकारियों को चोट आई है। फिर प्रदर्शनकारियों को पकड़कर पुलिस साथ ले गए। मामले में आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की गई। उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से बाद में उन्हें जमानत मिल गई। इधर इस घटना के बाद कांग्रेस ने लाठी चार्ज के घटना की निंदा की है। भिलाईनगर के विधायक देवेंद्र यादव ने समर्थन करते हुए धरने पर बैठने का ऐलान किया है। वहीं जिले के तीनों जिला अध्यक्षों राकेश ठाकुर, मुकेश चंद्राकर और धीरज बाकलीवाल ने भी संयुक्त रूप से घटना की निंदा करते हुए इस घटना की निंदा कर मजिस्ट्रियल जांच की मांग की है।

### व्यापारियों के साथ पुलिस वाले भी घायल

#### बिना अनुमति जुलूस निकाल कर रहे थे चक्काजाम का प्रयास

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने बिना अनुमति जुलूस निकाला। वे चक्काजाम का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पानी के पाउच पुलिस पर फेंके। धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इस वजह से भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस के 6 जवानों को भी चोट आई है। आरोपियों को हिरासत लेकर कोतवानी थाने में बैठाया गया था। बाद में उन्हें छोड़ दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।





#### पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे जमीन कारोबारियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। घटना में मनोज राजपूत, सिद्धु कोटवानी, बब्बू बत्रा, विक्की चंद्राकर, राकेश यादव, शुभम राजपूत, जसवंत ठाकुर, जयंत कुमार सहित को पुलिस ने हिरासत में लिया। खबर है कि घटना के दौरान 10 से ज्यादा लोग घायल हुए, पुलिस के जवानों को भी चोट आई। मनोज राजपूत ने कहा कि पुलिस गलत जानकारी दे रही है। पुलिस के किसी भी जवान को कोई चोट नहीं आई है। उल्टा उन्होंने हम लोगों को बेरहमी से पीटा। महिलाओं को भी नहीं बक्शा गया।

#### लाठीचार्ज के विरोध में विधायक देवेंद्र 4 को करेंगे भूख हड़ताल

सरकार की जमीन की नई गाइड लाइन को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए बल प्रयोग एवं लाठी चार्ज की भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने निंदा की है। उन्होंने इसे सरकार के तानाशाही निर्णय बताया है। उन्होंने सरकार केनिर्णय के खिलाफ एकदिवसीय भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया है। 4 दिसंबर को महात्मा गांधी चौक दुर्ग पर सुबह 9 बजे से भूख हड़ताल की जाएगी। प्रदेश की भाजपा सरकार से जमीन की नई गाइड लाइन को वापस लेने की मांग करेंगे। नई गाइडलाइन की वजह से जमीन की कीमतें 5-6 गुना बढ़ गई है। जिसके खिलाफ प्रदेशभर के रियल एस्टेट से जुड़े कारोबारी सरकार से गाइडलाइंस में बदलाव की मांग कर रहे हैं और जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि अपने हक और अधिकार को लेकर अपनी जायज मांगों के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन को सरकार लाठी के दम पर कुचलने का प्रयास कर रही है।

### अंदरुनी इलाकों में बढ़ाई गई सर्चिंग

# नक्सलियों का पीएलजीए सप्ताह आज से, सुरक्षाबल अलर्ट पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मंगलवार से शुरू हो रहे नक्सलियों के पीएलजीए सप्ताह को देखते हुए सुरक्षाबलों को अलर्ट रहने कहा गया है। सवेंदनशील नक्सल प्रभावित इलाकों में सर्चिंग तेज कर दी गई है वहीं जवानों को संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए है। नक्सलियों द्वारा हर साल मनाए जाने वाले पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) सप्ताह की घोषणा को देखते हुए संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था तेज करते हुए सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है।

गौरतलब है कि नक्सल संगठन द्वारा हर साल 2 से 8 दिसंबर तक पीएलजीए सप्ताह मनाया जाता है। इस बार भी नक्सलियों की केन्द्रीय कमेटी ने गांव गांव में पीएलजीए सप्ताह मनाने का एलान करते हुए भारत बंद करने का आव्हान किया है। हालांकि नक्सलियों के लगातार समर्पण के



बीच नक्सलियों की एमएमसी जोन ने पीएलजीए सप्ताह नहीं मनाने का एलान किया था लेकिन केन्द्रीय कमेटी ने हर वर्ष की तरह इस बार भी पीएलजीए सप्ताह मनाने का एलान किया है। सुरक्षा एजेंसियां इसे एक ओर जहां नक्सलियों की इस घोषणा को उनके मनोबल गिरने और संगठन में बढ़ती अस्थिरता का संकेत मान रही हैं तो दूसरी ओर बंद की चेतावनी के बाद सुरक्षा व्यवस्था को हाई अलर्ट पर रखा गया है। आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने कहा कि नक्सलियों के पीएलजीए सप्ताह के दौरान किसी भी बड़ी घटना को रोकने के लिए गश्त, सर्च ऑपरेशन और एंटी-नक्सल मूवमेंट तेज कर दिए गए हैं।

#### समर्पण व विरोध के बीच संगठन ने माना हुआ बड़ा नुकसान

हाल ही में नक्सलियों की केन्द्रीय कमेटी ने जारी बुकलेट में इस बात को स्वीकार किया है कि हाल ही में उन्हें बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। अपने बयान में संगठन ने उनकी कमजोरी और हुए नुकसान का जिक्र किया है। संगठन ने स्वीकार किया है कि विगत 11 माह में हुई अलग-अलग मुठभेड़ों में उनके करीब 320 सदस्य मारे जा चुके है। मौत का अधिकांश आंकड़ा दंडकारण्य जोन में होने की बात की गई है।

### दोनों बच्चे साइकिल से सड़क पार कर रहे थे

# तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर की टक्कर से 12 वर्षीय बच्चे की मौत, दूसरा गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तीन दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल एक बच्चे की मौत हो गई। वहीं दूसरा बच्चा गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने एक्सिडेंट करने वाली कार को कब्जे में लिया है। इस मामले में अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई है। मामला दुर्ग जिले के अमलेश्वर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार राजनांदगांव पासिंग फॉर्च्यूनर कार क्रमांक सीजी 08 एडब्ल्यू 9300 फॉर्च्यूनर ने तेज रफ्तार में सड़क पर साइकिल से जा रहे बच्चों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में अमलेश्वर निवासी 12 वर्षीय टकेश्वर साहू पिता रोहित साहू और एक दूसरा बच्चा घायल हो गया। टकेश्वर को गंभीर हालात में रायपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरा बच्चा अभी भी वेंटिलेटर पर है और उसकी हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। बताया जाता है कि दोनों बच्चे साइकिल से सड़क पार कर रहे थे, तभी कार ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दी।



#### टोल प्लाजा शुल्क से बचने कर रहे अमलेश्वर-पाटन मार्ग का प्रयोग

स्थानीय लोगों के अनुसार दुर्ग और राजनांदगांव की कई गाड़ियां टोल प्लाजा शुल्क से बचने के लिए अमलेश्वर-पाटन मार्ग से होकर रायपुर जा रही हैं। इस कारण सड़क पर ट्रैफिक तेजी से बढ़ गया है और दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। हादसे के बाद लोगों में भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि मार्ग पर निगरानी और गति नियंत्रण नहीं होने के कारण आए दिन जानें जा रही हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे सबसे ज्यादा जोखिम में हैं। लोगों ने अमलेश्वर मार्ग पर स्पीड कंट्रोल, बैरिकेडिंग और कड़ाई से यातायात निगरानी लागू करने की मांग की है।

#### अपराध दर्ज नहीं हो पाया

मामला तीन दिन पुराना है। घायल एक बच्चे की रायपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई है। रायपुर में जीरो में कायमी की गई है। अभी अपराध दर्ज नहीं हो पाया है। बच्चे का अंतिम संस्कार कार्यक्रम के बाद परिजनों से संपर्क कर अपराध दर्ज की जाएगी। एक्सीडेंट करने वाली कार को जब्त कर लिया गया है।

-अनुप कुमार लकड़ा, एसडीओपी

# जंगली सूअर के शिकार के लिए लगाए गए हाई वोल्टेज तार में फंसकर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

मैनपाट से पिकनिक मनाकर लौटे युवक की मौत करंट की चपेट में आने से हुई थी। जंगली सूअर का शिकार करने ले लिए लगाए गए फंदे में फंसकर युवक ने अपनी जान गंवा दी, जिसके बाद शिकारियों ने उसके शव को उठाकर कुएं में फेंक दिया था। पुलिस ने इस मामले में जांच उपरान्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कुम्हरता निवासी 27 वर्षीय हरेन्द्र सिंह आ. बुद्धदेव 23 नवंबर को अपने साथियों व स्कूली बच्चों के साथ मैनपाट पिकनिक मनाने गया था लेकिन वह पिकनिक मनाकर वापस नहीं लौटा था। परिजन लगातार युवक की तलाश कर रहे थे। इस दौरान



उसने साथियों ने मृतक के परिजन को बताया था कि शाम को मैनपाट से लौटने के बाद हरेंद्र सिंह को उन्होंने गांव में छोड़ दिया था। परिजन ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की थी जिसके बाद पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी बीच 25 नवम्बर की देर शाम हरेंद्र सिंह का भाई घर से 150 मीटर की दूरी पर स्थित कुएं से मवेशियों के लिए पानी लेने गया था जहां उसे कुएं में एक शव नजर आया। ऐसे में उसने ग्रामीणों और पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को बाहर निकाला। जिसके बाद मृतक की पहचान हरेन्द्र सिंह के रूप में की गई। पुलिस ने 26 नवंबर को पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द किया था। इधर पीएम रिपोर्ट में करंट से जलने के कारण मौत की पुष्टि होने के बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर गांव के बुधवार सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए अपने साथी बलराम सिंह, मदन सिंह के साथ मिलकर जंगली सूअर के शिकार हेतु खेत में जीआई तार की मदद से 11 हजार वोल्ट के खंभे से अवैध हुकिंग कर तरंगित फंदा लगाने की बात कही।

#### डर के कारण शव को कुएं में फेंका

आरोपियों ने बताया कि तरंगित तार के फंदे में फंसकर 23 नवम्बर की रात 8.30 बजे हरेंद्र सिंह की मौत हो गई थी। इधर खेत में हलचल होने व तेज आवाज आने पर तीनों आरोपी जब मौके पर पहुंचे तो हरेंद्र सिंह मृत पड़ा हुआ था। पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने शव को उठाकर 500 मीटर दूर कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने इस मामले कुम्हरता निवासी 65 वर्षीय बुधवार सिंह आ. जयमंगल सिंह, 50 वर्षीय मदन सिंह आ. बसंत साय, 55 वर्षीय बलराम सिंह आ. देवन सिंह को जीआई तार सहित अन्य सामान बरामद करने के साथ ही उन्हें बीएनएस की धारा 105, 238, 3(5) एवं विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### रविवार शाम को खाया था खाना, थी स्वस्थ


# मैत्रीबाग की शान व्हाइट टाइगर 'जया' नहीं रही, संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मैत्रीबाग की शान व्हाइट टाइगर जया की दहाड़ अब केज और इसके आसपास सुनाई नहीं देगी। सोमवार की तड़के करीब साढ़े 6 बजे उसकी मौत हो गई। दोपहर को वेटनरी कॉलेज के दो चिकित्सकों डॉ. जसप्रीत, डॉ. आरके गुप्ता की टीम ने पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के पास रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। जानकारी के मुताबिक केयर टेकर ने रविवार की शाम जया को खाना खिलाया। तब तक जया पूरी तरह स्वस्थ थी। सुबह जब केज खोला गया, तो उसकी मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों की मानें तो उसका लीवर डैमेज हो गया था। स्टमक में भी प्राब्लम नजर आया है। संभव है कि जीडीवी गैस्टिक डिसीज से वह ग्रसित हुई। खाना खाने के बाद उसने उछल-कूद किया। इस वजह से उसकी सडनली डेथ हुई। ऐसी कोई पहले से बीमारी नहीं थी। मैत्री बाग में इस समय कुल 5 व्हाइट टाइगर हैं, जिसमें 3 नर और 2 मादा शामिल हैं। सभी पांचों स्वस्थ हैं।

#### चिकित्सकों के अनुसार लीवर डैमेज हो गया था





#### की जा रही है जांच

व्हाइट टाइगर की अचानक मौत हुई है। शाम को वह पूरी तरह से स्वस्थ थी। डॉक्टरों और मैत्री बाग प्रबंधन के बताए अनुसार संभवत: उसे गैस्टिक प्रॉब्लम हुआ। इस बीच उसने उछल-कूद किया होगा, जिसके बाद लिवर और स्टमक को नुकसान पहुंचा। बहरहाल मामले में जांच की जा रही है।

-दीपेश कपिल, डीएफओ दुर्ग

#### तीन नए शावक को दिया था जन्म

इससे पहले मैत्री बाग में व्हाइट टाइगर के कुनबे में रक्षा और सुल्तान ने तीन नए शावक को जन्म दिया था। इससे पहले पहले रोमा और सुल्तान से एक शावक पैदा हुआ था। बता दें कि 1997 में नंदन कानन जू, ओडिशा से व्हाइट टाइगर का पहला जोड़ा तरुण और तापसी को मैत्री बाग लाया गया था। उसके बाद से जू में 18 शावक पैदा हो चुके हैं। इनमें से 12 देशभर के विभिन्न जू में भेजे गए हैं।

रायपुर
मंगलवार 2 दिसंबर 2025
अगहन शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 24, अंक : 134
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 28.6
न्यून. 16.7

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



3 आखिरी दिनों में वे बहुत कष्ट में थे...
विचार पेज
4 सोनिया-राहुल के गले की फांस बना हेराल्ड

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

# स्टेट कोटे की आधी सीटों पर ओपन मेरिट सिस्टम, पीजी प्रवेश के नियम में हुआ संशोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

डोमिसाइल आधारित आरक्षण को हाईकोर्ट द्वारा असंवैधानिक बताने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने पीजी प्रवेश के नियम में संशोधन कर दिया है। अब शासकीय कोटे की पचास फीसदी सीट पर संस्थागत आरक्षण होगा और पचास फीसदी सीटें ओपन मेरिट सिस्टम से भरी जाएंगी। नियम में संशोधन के बाद एम्स के साथ अन्य राज्यों से एमबीबीएस करने वाले चिकित्सक शासकीय सीटों पर प्रवेश ले सकेंगे। पिछले दिनों उच्च न्यायालय ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया था, जिसके बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने संशोधित नियम तैयार करने तक पीजी प्रवेश की ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। सोमवार को संशोधित नियम जारी किया गया, जिसके बाद काउंसिलिंग प्रक्रिया पुनः प्रारंभ होने की उम्मीद है। राज्य के शासकीय मेडिकल कालेज की ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर प्रथम चरण के एडमिशन की प्रक्रिया सोमवार को पूरी हुई। जारी किए गए संशोधित नियम में राज्य के सात शासकीय और तीन निजी मेडिकल कालेज में मौजूद कुल शासकीय सीटों को दो भागों में विभक्त किया गया है। इसमें पचास फीसदी सीटों पर प्रवेश संस्थागत आरक्षण आधार पर दिया जाएगा। यानी राज्य में स्थित एनएमसी से मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय जिसमें एम्स भी शामिल है उन्हें प्रवेश दिया जाएगा। शेष पचास प्रतिशत सीटों पर एडमिशन ओपन कैटेगरी से होगी। ▶▶|शेष पेज 7 पर

## 50 फीसदी सीट पर संस्थागत आरक्षण 50 प्रतिशत ओपन कैटेगरी की


एमडी-एमएस की शासकीय सीटों पर बाहरी चिकित्सक भी ले सकेंगे प्रवेश



### राज्य कोटे की 308 सीट

राज्य में सात शासकीय और तीन निजी मेडिकल कालेज में एमडी-एमएस की पढ़ाई होनी है। इसमें शासकीय कालेज की 148 तथा निजी कालेज की 160 यानी कुल 308 सीटे राज्य कोटे की है। नियम के अनुसार इनमें से 154 सीटों पर संस्थागत आरक्षण का अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा और 154 सीटों पर प्रवेश गैर संस्थागत आरक्षण यानी ओपन कैटेगरी के आधार पर होगा।

## खबर संक्षेप



### कश्मीर के कुछ हिस्सों में ताजा बर्फबारी

**श्रीनगर।** कश्मीर में आसमान में बादल छाए रहने से शीतलहर की स्थिति से राहत मिली है और घाटी के कुछ हिस्सों में सोमवार को ऊंचाई वाले इलाकों में फिर से बर्फबारी हुई। श्रीनगर-कारगिल मार्ग पर जोजिला दर्रे के पास मिनीमार्ग क्षेत्र में हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। कश्मीर घाटी में रात में बादल छाए रहने से न्यूनतम तापमान में लगभग दो डिग्री की वृद्धि हुई। श्रीनगर में रविवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

### खेत में सूटकेस से मिला महिला का कंकाल

**हापुड़।** हापुड़ जिले के पिलखुवा इलाके में गन्ने के खेत में लावारिस हालत में पड़े एक बंद सूटकेस से सोमवार को एक महिला का कंकाल मिला। रामा अस्पताल के पास खेत में पड़े एक सूटकेस से बदबू आ रही थी, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सूटकेस खोला, तो अंदर एक महिला का कंकाल मिला।

### महिला के शरीर से निकाली गईं 15 किलो की गांठें

**इंदौर।** इंदौर में चिकित्सकों ने जटिल सर्जरी के जरिये 50 वर्षीय महिला के शरीर से कुल 15 किलोग्राम वजन वाली दो गांठें निकालकर उसे नया जीवन दिया है। शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय के सर्जन डॉ. उपेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि महिला पिछले दो साल से पेट में सूजन, खून की कमी और बच्चेदानी की परेशानियों से जूझ रही थी।



### बस ने फुटपाथ पर चल रहे भाई-बहन को कुचला

**पुणे।** पुणे के हिंजवडी इलाके में सोमवार शाम एक बस ने फुटपाथ पर चल रहे छह वर्षीय लड़के और उसकी आठ वर्षीय बहन को कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में मृतकों की छोटी बहन सहित तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बस चालक कथित तौर पर नशे में था और उसे पकड़ लिया गया है। सोमवार शाम को एक निजी कंपनी की बस ने फुटपाथ पर चल रहे तीन भाई-बहनों समेत पांच पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी।

### दो बसों की टक्कर में चार स्कूली बच्चों सहित 10 घायल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के रोहतक जिले के लाखन माजरा के पास सोमवार को दो बसों की टक्कर में चार स्कूली बच्चों समेत कुल 10 लोग घायल हो गए। दुर्घटना में एक स्कूल बस में सवार बच्चे घायल हो गए जबकि दूसरा वाहन भी स्कूल बस ही थी, लेकिन उसमें बच्चे नहीं थे।



### जीप खाई में गिरी, तीन की मौत, 25 घायल

**जयपुर।** राजस्थान के पाली जिले में सोमवार को एक जीप के खाई में गिरने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हुए। हादसा सोमवार दोपहर करीब 12 बजे कुंडाल इलाके में हुआ जब जीप में सवार यात्री पांच बोर सायरा (उदयपुर) से शोकसभा में शामिल होने जा रहे थे। वाहन में कुल 28 यात्री सवार थे।

सुप्रीम कोर्ट ने सौंपा जांच का जिम्मा, बैंक अफसरों से भी होगी पूछताछ

# सीबीआई करेगी देशभर में 'डिजिटल अरेस्ट' की जांच, छग में भी दो दर्जन केस

*सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सीबीआई को 'डिजिटल अरेस्ट' स्कैम जैसे गंभीर मामलों की जांच का आदेश दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि इन घोटालों पर तुरंत कार्रवाई की जरूरत है। सीबीआई अब इन्वेस्टमेंट और पार्ट-टाइम जॉब के नाम पर होने वाले स्कैम की भी जांच करेगी। कोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक से पूछा कि वह साइबर अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे बैंक खातों का पता लगाने और उन्हें फ्रीज करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) का इस्तेमाल क्यों नहीं कर रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीजेआई सूर्यकांत ने यह भी कहा कि अगर बैंक खातों का इस्तेमाल 'डिजिटल अरेस्ट' स्कैम के लिए हुआ है, तो सीबीआई भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत बैंक अधिकारियों से भी पूछताछ कर सकती है। सुप्रीम कोर्टने सीबीआई को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जांच करने की इजाजत दी है और जरूरत पड़ने पर इंटरपोल की मदद लेने को कहा है। कोर्ट ने सोशल मीडिया कंपनियों से भी जांच में पूरा सहयोग करने को कहा है। साथ ही, आरबीआई से यह पता लगाने में मदद मांगी है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे टूल का इस्तेमाल ऐसे खातों की पहचान करने और अपराध से कमाए पैसे को फ्रीज करने में कैसे किया जा सकता है।

■ भारतीय रिजर्व बैंक से भी कोर्ट ने किया सवाल


'डिजिटल अरेस्ट' साइबर अपराध का एक ऐसा बढ़ता स्वरूप है, जिसमें धोखेबाज कानून प्रवर्तन या अदालत के अधिकारी या सरकारी एजेंसियों के कर्मचारी बनकर ऑडियो और वीडियो ▶▶|शेष पेज 7 पर

### देशभर में 1 लाख 23 हजार से अधिक मामले

*नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर 2024 में ही 'डिजिटल अरेस्ट' और इससे जुड़े साइबर अपराधों के 1,23,672 मामले सामने आए हैं। यह दिखाता है कि यह समस्या कितनी बड़ी हो गई है।*

### ऑनलाइन अपराधों से निपटने के लिए क्षेत्रीय समन्वय केंद्र बनेंगे

*इस मामले पर सरकार की पैरवी कर रहे सॉलिसिटर जनरल से सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा, साइबर अपराधों से निपटने के लिए अदालत के निर्देशों से गृह मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, वित्त सहित विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों को भी अवगत कराया जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में ऑनलाइन अपराधों से निपटने के लिए क्षेत्रीय और राज्य साइबर अपराध समन्वय केंद्र स्थापित करने को भी कहा है।*



### धोखाधड़ी में संलिप्त होने पर बैंक खाते फ्रीज होंगे

अदालत ने सीबीआई से उन बैंक अधिकारियों की जांच करने को भी कहा है जो नागरिकों को ठगने के लिए धोखेबाजों के साथ मिले हुए हैं। कोर्ट ने कहा, राज्य, केंद्र शासित प्रदेश और उनकी पुलिस एजेंसियां सीबीआई के साथ मिलकर नागरिकों के साथ धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए बैंक खातों को फ्रीज करने के लिए स्वतंत्र हैं।

### 'डिजिटल अरेस्ट' कोई कानूनी शब्द नहीं

अधिकारियों ने साफ किया है कि 'डिजिटल अरेस्ट' जैसा कोई कानूनी शब्द नहीं है। इसके बावजूद, पढ़े-लिखे लोग भी इन घोटालों का शिकार हो रहे हैं। धोखेबाज अक्सर पीड़ितों से कहते हैं कि उनके नाम से एक पार्सल पकड़ा गया है, जिसमें ड्रग्स, नकली दस्तावेज या कोई और गैरकानूनी सामान है। कभी-कभी वे कहते हैं कि पीड़ित के किसी रिश्तेदार या करीबी को गिरफ्तार किया गया है या वे किसी गंभीर अपराध में शामिल हैं। फिर वे मामला रफा-दफा करने के नाम पर पैसे मांगते हैं।

### छत्तीसगढ़ में अलग-अलग थानों में ठगी की रिपोर्ट

**रायपुर।** डिजिटल अरेस्ट के मामले में छत्तीसगढ़ का भी नाम जुड़ा हुआ है। यहां अलग-अलग जिलों के थानों में दो दर्जन से ज्यादा डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ऐसी घटनाएं रायपुर में सबसे ज्यादा हुई हैं। रायपुर जिले में एक दर्जन के करीब डिजिटल अरेस्ट कर जालसाजों ने लोगों के साथ ठगी की है। जिन लोगों को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बनाया गया है, उनमें ज्यादातर महिलाओं के साथ बुजुर्ग शामिल है। बुजुर्गों को उनके अकाउंट में मनी लांड्रिंग के साथ ह्यूमेन ट्रैफिकिंग की रकम ट्रांजेक्शन होने का झांसा देकर गिरफ्तारी का भय दिखाकर ठगी की गई है। जिन लोगों के साथ ठगी की घटनाएं हुई है वे सभी निजी के साथ सरकारी संस्थान से सेवानिवृत्त अधिकारी स्तर के पद पर पदस्थ रहे हैं।

### 'डिजिटल अरेस्ट' में भयानक टॉर्चर

कई मामलों में, पीड़ितों को 'डिजिटल अरेस्ट' पर रखा जाता है। इसका मतलब है कि उन्हें तब तक लगातार वीडियो कॉल पर बने रहने के लिए मजबूर किया जाता है, जब तक वे पैसे नहीं दे देते। यह कॉल स्काइप या अन्य कॉन्फ्रेंसिंग ऐप पर होती है। अपनी बातों को सच दिखाने के लिए, ये अपराधी स्टूडियो का इस्तेमाल करते हैं, जो पुलिस स्टेशन या सरकारी दफ्तर जैसे दिखते हैं। वे वर्दी भी पहन सकते हैं। देश भर में कई पीड़ितों ने ऐसे घोटालों में बड़ी रकम गंवाई है।

कंपनी एक्ट के तहत कार्रवाई

# अवैध लोन पर चला सरकार का चाबुक, 87 एप ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार ने साइबर फ्रॉड पर लगाम लगाने की कड़ी में कुल 87 अवैध लोन देने वाले ऐप्स को बैन कर दिया है। सरकार ने सोमवार को कहा कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए 87 अवैध लोन देने वाले मोबाइल ऐप्स को ब्लॉक कर दिया गया है। कॉरपोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने सोमवार को लोकसभा में बताया, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत सार्वजनिक पहुंच के लिए किसी भी सूचना को ब्लॉक करने के निर्देश जारी करने का अधिकार प्राप्त है। अब तक निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए, मेट वाय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 69ए के तहत कुल 87 अवैध लोन ऐप्स को ब्लॉक किया है। उन्होंने यह भी बताया कि जांच, बुक्स ऑफ अकाउंट्स का निरीक्षण और जांच जैसी नियामकीय कार्रवाई समय-समय पर उन कंपनियों के खिलाफ की जाती है।



### उल्लंघन पर कार्रवाई

कॉरपोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि जब भी कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत किसी तरह का उल्लंघन पाया जाता है तो उसके अनुसार उपयुक्त कानूनी कार्रवाई की जाती है। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ही कंपनियों अधिनियम को लागू करने वाला प्राधिकरण है।

### 4,000 से अधिक प्रदूषणकारी उद्योगों की पहचान

इधर, राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने इस साल अपनी एक रिपोर्ट में देश भर में कुल 4,493 सकल प्रदूषणकारी उद्योगों (जीपीआई) की पहचान की है, जिनमें से 3,633 चालू थे, और 860 अपने आप बंद हो गए। चालू इकाइयों में से 3,031 पर्यावरण नियमों का पालन करती पाई गईं, जबकि 572 उद्योग को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए।

# देशभर में एनआईए के छापे, पांच घंटे खंगाला डॉ. शाहीन का घर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/लखनऊ

दिल्ली धमाकों से जुड़े संदिग्धों की जांच के लिए सोमवार को एनआईए की टीमों ने कश्मीर से लेकर लखनऊ तक आठ जगहों पर छापेमारी की। लखनऊ में एनआईए की टीम लखनऊ के खंदारी बाजार स्थित डॉ. शाहीन शाहिद के पिता के आवास पर जांच करने पहुंची। मौके पर स्थानीय पुलिस मौजूद रही। जैश-ए-मोहम्मद के फरीदाबाद मॉड्यूल और दिल्ली बम धमाके की घटना की जांच कर रही एनआईए ने कंधारी बाजार स्थित डॉ. शाहीन का घर खंगाला। टीम ने उसके पिता और भाई शोएब से करीब 5 घंटे तक पूछताछ की और कुछ दस्तावेज व इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स बरामद किए। हालांकि एनआईए ने डॉ. शाहीन के भाई डॉ. परवेज के मड़ियांव स्थित घर पर जाकर छानबीन नहीं की। दरअसल, एनआईए ने दस दिन की कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी।

■ दिल्ली ब्लास्ट : देश में आठ ठिकानों पर छापे

दिल्ली ब्लास्ट



### संदिग्धों की तलाश में कई राज्यों में छापेमारी

दिल्ली धमाकों को लेकर एनआईए अब तक कई सुरागों पर काम कर रही है। एजेंसी को आशंका है कि इस घटना के पीछे देशव्यापी नेटवर्क काम कर रहा हो सकता है। इसी नेटवर्क और उससे जुड़े संभावित संपर्कों की खोज में एजेंसी ने आठ स्थानों पर छापेमारी की है। जिन इलाकों में सोमवार को छापेमारी हुई उनमें कश्मीर के कुछ क्षेत्रों, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, और अन्य उत्तरी राज्यों के स्थान शामिल हैं। इन छापों का मुख्य उद्देश्य संदिग्ध व्यक्तियों, उनके परिचितों और संभावित सहयोगियों से जुड़े दस्तावेज व डिजिटल डाटा इकट्ठा करना बताया जा रहा है।

### लिया गया बैंक खातों का ब्योरा

डॉ. शाहीन के घर पर भी इसी वजह से एनआईए ने छापा मारा। एनआईए की टीम सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक छानबीन और पूछताछ करती रही। सूत्रों की मानें तो डॉ. शाहीन के पिता और भाई से उसकी गतिविधियों, करीबियों, बैंक खातों, पासपोर्ट आदि के बारे में सवाल किए गए। डॉ. शाहीन से बीते दिनों हुए संपर्क और बातचीत के बारे में भी पूछा गया।

## देश का चौथा लंबा 'नेशनल हाईवे' जाम



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के बड़वानी, धार, खरगोन और खंडवा जिलों के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। खलघाट में किसानों ने एनएच-52 पर चक्काजाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। नेशनल हाईवे-52 पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक से होकर गुजरता है। प्रशासन और किसानों के बीच पहले दौर की बातचीत असफल रही। करीब 8 घंटे से किसान धरने पर बने हुए हैं और अपने लिए दाल-बाटी व भोजन बनाकर खा रहे हैं।

# विमान ईंधन महंगा एलपीजी की दरें घटीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में 5.4 प्रतिशत की सोमवार को वृद्धि की गई, जबकि वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में 10 रुपए प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। सरकारी तेल कंपनियों ने वैश्विक रुझानों के अनुरूप मासिक मूल्य संशोधन की घोषणा की है। सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं के अनुसार, दिल्ली में विमान ईंधन की कीमतें 5,133.75 रुपए प्रति किलोलीटर बढ़कर 99,676.77रुपए प्रति किलोलीटर हो गईं। यह लगातार तीसरी मासिक वृद्धि है।

एक दिसंबर से बदलाव



### वाणिज्यिक सिलेंडर 10 रुपए सस्ता

होटलों तथा रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कीमत में 10 रुपए प्रति सिलेंडर की कटौती की गई। दिल्ली में यह घटकर 1,580.50 रुपए हो गई है। यह लगातार दूसरी कटौती है।

डिवाइस में पहले से इंस्टॉल आएगा सरकारी संचार साथी ऐप

# वॉट्सएप-टेलीग्राम के बाद अब स्मार्टफोन्स पर सख्ती!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

टेलीकॉम विभाग ने भारत में स्मार्टफोन कंपनियों से कहा है कि वे अपने सभी नए स्मार्टफोन्स में सरकार द्वारा डिवेलप किया गया साइबर सुरक्षा ऐप 'संचार साथी' को प्री-इंस्टॉल करें। यह ऐप यूजर्स को धोखाधड़ी वाले कॉल और मैसेज की रिपोर्ट करने के साथ-साथ चोरी हुए मोबाइल फोन की जानकारी देने में मदद करता है।

सूत्रों के अनुसार, टेलीकॉम विभाग ने स्मार्टफोन कंपनियों को यह भी कहा है कि यूज़र्स इस ऐप को डिलीट न कर सकें। इसके अलावा, जिन फोन्स को पहले ही बेचा जा चुका है, उनमें भी इस ऐप को जोड़ने के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट जारी किया जाए।



स्मार्टफोन कंपनियों को इस निर्देश का पालन करने के लिए तीन महीने की समय-सीमा दी गई है। इंडस्ट्री से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि कई कंपनियां इस फैसले पर आपत्ति जता सकती हैं। एप्पल, सैमसंग, जियोमी, ओप्पो, वीवी जैसे बड़े मैन्युफैक्चरर्स पर इसका सीधा असर पड़ेगा। टेलीकॉम विभाग और स्मार्टफोन कंपनियों को भेजे गए सवालों का अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

### साइबर सुरक्षा के लिए रणनीति

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि यह निर्देश साइबर सुरक्षा और एंटी-स्पैम उपायों को मजबूत करने की बड़ी रणनीति का हिस्सा है। इसी रणनीति के तहत हाल ही में टेलीकॉम विभाग ने वॉट्सएप-टेलीग्राम जैसे ऑनलाइन कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म्स को सिम बिल्डिंग लागू करने का निर्देश भी दिया है यानी ये ऐप्स उसी फोन पर चल पाएंगे, जिसमें रजिस्ट्रेशन वाला सिम कार्ड मौजूद हो।

### संचार साथी ऐप

आपको बता दें कि संचार साथी ऐप अभी ऐप्पल और गूगल प्ले स्टोर पर डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है। लेकिन यूजर्स के पास अभी यह विकल्प है कि वे इस ऐप को अपने फोन में इंस्टॉल करें या ना करें। अगर स्मार्टफोन कंपनियां सरकार के निर्देश को फॉलो करती हैं तो नई डिवाइसेज में यह ऐप पहले से इंस्टॉल आएगा और मौजूदा डिवाइसेज में इसे एक सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा।

# दितवाह का कहर... श्रीलंका में 334 मौतें, 370 लापता, भारत में भी असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण एशिया में चक्रवात दित्वाह का कहर अब तक जारी है। श्रीलंका में इस तूफान ने भारी भारी तबाही मचाई है, जिसके चलते वहां के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। वहां अब तक 334 मौतें हो चुकी हैं और 400 से ज्यादा लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित जिला कैंडी है, जहां 88 मौतें और 150 लोग लापता हैं। इसके अलावा बादुला में 71, नुवारा एलिया में 68 और मटाले में 23 मौतें दर्ज की गई हैं। श्रीलंका की सरकार के मुताबिक, इस आपदा ने देश भर में 3,09,607 परिवारों के 11,18,929 लोगों को प्रभावित किया है। यहां चक्रवात दित्वाह के कारण नदियों का जलस्तर ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया, जिसके चलते पूरे शहर जलमग्न हो गए, बड़े पुल बह गए और कई महत्वपूर्ण इमारतें और सड़कें टूट गईं।




### श्रीलंका की मदद के लिए भारत का 'ऑपरेशन सागर बंधु'

श्रीलंका में इस त्रासदी को देखते हुए भारत ने 'ऑपरेशन सागर बंधु' शुरू किया है और एचएडीआर (ह्यूमैनिटेरियन, राहत और बचाव) ऑपरेशन में तेजी दिखाई। भारतीय वायु सेना ने कोलंबो भेजे गए विमान के जरिए 21 टन राहत सामग्री, 80 से ज्यादा एनडीआरएफ जवान और आठ टन उपकरण पहुंचाए। पुणे से भी एनडीआरएफ टीम और उपकरण एयरलिफ्ट किए गए।

### 104 भारतीय नागरिकों को निकाला गया

भारत ने श्रीलंका में चक्रवात 'दित्वा' के कारण मची तबाही के बाद कोलंबो में बचाव अभियान में तेजी लाते हुए वहां फंसे 104 भारतीय नागरिकों के आखिरी समूह को सोमवार को निकाल लिया गया। भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसे भारतीयों को लेकर भारतीय वायु सेना का विमान सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे तिरुवनंतपुरम पहुंचा।



### दक्षिण भारत में भारी बारिश

*इधर, दक्षिण भारत में इस तूफान का असर है। तमिलनाडु, पुडुचेरी, दक्षिण आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के कई जिलों में भारी बारिश जारी, स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। राहत और बचाव टीमें अलर्ट पर हैं। पिछले दो दिनों में तमिलनाडु के अकेले नागपट्टिनम जिले में 30 सेमी बारिश दर्ज की गई है। तमिलनाडु सरकार ने राज्य भर में 6,000 राहत शिविर बनाए हैं।*

## खबर संक्षेप

### थरूर नहीं पहुंचे कांग्रेस की मीटिंग में, फिर बवाल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के मेंबर और सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर कांग्रेस के स्ट्रेटेजिक ग्रुप की एक जरूरी मीटिंग अटेंड नहीं की। इसे लेकर कयास चल रहे हैं कि थरूर और एआईसीसी में लगातार रस्साकशी चल रही है। 30 नवंबर को पार्लियामेंट के विंटर सेशन को लेकर सोनिया गांधी की लीडरशिप में बैठक हुई। हालांकि थरूर के ऑफिस ने बताया कि वह केरल में अपनी 90 साल की मां के साथ हैं।

### आसाराम की जमानत के खिलाफ पीड़िता पहुंची केस



**नई दिल्ली।** उपदेशक आसाराम को छह महीने की जमानत मिलने पर नाबालिग रेप पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पीड़िता ने आसाराम की जमानत रद्द करने की मांग की है। 2013 के नाबालिग से रेप के मामले में आसाराम आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। इसी सजा में उसे राजस्थान हाईकोर्ट ने 29 अक्टूबर को 6 महीने की जमानत दी थी। इसी आधार पर गुजरात हाईकोर्ट ने भी जमानत दे दी। अब पीड़िता ने याचिका दायर कर जमानत रद्द करने की मांग की है।

### चंडीगढ़ में नहीं बनेगी हरियाणा की अलग विस



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हरियाणा सरकार की चंडीगढ़ में नए विधानसभा भवन बनाने की मांग को खारिज कर दिया है। मंत्रालय ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को साफ सलाह दी है कि इस मामले में अब चंडीगढ़ प्रशासन से किसी तरह की आगे की कार्रवाई न करें। केंद्र सरकार ने चंडीगढ़ को स्वतंत्र यूनियन टेरेटरी (यूटी) का ऐलान करने के लिए 131वें शोध बिल को वापस लेने के बाद पंजाब के लिए यह दूसरा बड़ा फैसला लिया है।

### सुप्रीम कोर्ट में निर्वाचन आयोग ने हलफनामा देकर कहा

# 'बंगाल में एसआईआर में कोई गड़बड़ी नहीं वोटर डिलिशन का दावा सिर्फ राजनीति'

## बंगाल सहित देशभर में विपक्ष ने एसआईआर को बनाया हुआ है मुद्दा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) पर नर्विाचन आयोग (ईसीआई) ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी बात रखी है। एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले निर्वाचन आयोग ने हलफनामा दाखिल करके आरोपों को खारिज किया है। अपने जवाबी हलफनामे में निर्वाचन आयोग ने कहा कि बड़े पैमाने पर वोटर डिलीशन के



दावे बेहद बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हैं और इनका इस्तेमाल निहित राजनीतिक स्वार्थ के लिए किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि एसआईआर पूरी तरह संवैधानिक, नियमित और दशकों से चली आ रही प्रक्रिया का हिस्सा है। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के 24 जून और 27 अक्टूबर 2025 को दिए गए आदेश वैध हैं। आयोग ने कहा कि सतत चलने वाली मतदाता सूची निर्माण की प्रक्रिया में अधिकतम शुद्ध यानी साफ-सुथरी और सटीक मतदाता सूची तैयार करना आयोग का संवैधानिक दायित्व है।


### बीएलओ घर-घर जाकर बांट रहे फॉर्म

*इसे सुप्रीम कोर्ट ने टी.एन. शेषन केस (1995) में भी मान्यता दी थी। संविधान के अनुच्छेद 324 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धाराएं 15, 21 और 23 आयोग को विशेष पुनरीक्षण का अधिकार देती हैं। आयोग का दावा है कि 99.77% मौजूदा मतदाताओं को प्री-फील्ड एन्यूमरेशन फॉर्म दिए जा चुके हैं। जबकि उनमें से 70.14% भरे हुए फॉर्म वापस भी मिल चुके हैं। बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म देते और इकट्ठा करते हैं। घर बंद मिले तो तीन बार नोटिस छोड़ना अनिवार्य है। वृद्ध, दिव्यांग और संवेदनशील समूहों के मतदाताओं को परेशानी न हो, इसके लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।*

### एसआईआर के चलते 40 की गई जान : टीएमसी

इधर, टीएमसी ने चुनाव आयोग, सरकार व भाजपा के रवैये पर सवाल उठाए हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा है कि 'हम एसआईआर के खिलाफ नहीं, इसके गलत तरीके के खिलाफ हैं।' एसआईआर में 40 लोग मर गए, बीएलओ भी शामिल हैं। लोग ईसीआई को दोष दे रहे हैं, सरकार की जवाबदेही कहां है? उन्होंने बीजेपी पर तगड़ा हमला बोलते हुए कहा, 'बीजेपी को लगा था कि एसआईआर कराके बंगाल आसानी से जीत लेंगे। इन्होंने चुनाव आयोग को ब्रीफिंग दी थी कि एक करोड़ वोटरों के नाम काट दो। सबसे पहले यही बीजेपी वाले थे जिन्होंने चिल्ला-चिल्लाकर कहा था कि एक करोड़ नाम कटेंगे। इन्हीं के डराने से माहौल बना और एसआईआर के दौरान लोग मरे. जिन 40 लोगों की जान गई, उसकी जिम्मेदारी बीजेपी की है।' अभिषेक ने पीएम के 'ड्रामा' वाले बयान पर जवाब देते हुए कहा था कि विपक्ष सिर्फ एसआईआर पर बहस मांग रहा है, और वे इसे ड्रामा कह रहे हैं? क्या जनता की आवाज उठाना ड्रामा है?

# विमानों के सिग्नल से छेड़छाड़ सरकार ने संसद में स्वीकारा





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नवंबर महीने की शुरुआत में देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर हवाई सेवाओं के संचालन में भारी परेशानी देखने को मिली थी। दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर करीब 800 उड़ानें प्रभावित हुईं। इस दौरान एटीसी की तरफ से ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम में खराबी बताया गया था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने संसद में एक लिखित बयान में स्वीकार किया है कि दिल्ली समेत देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर जीपीएस स्पूफिंग की समस्या हुई थी, यानी इन सभी हवाई अड्डों पर आने और यहां से उड़ान भरने वाले विमान जीपीएस स्पूफिंग का शिकार हुए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किनजारापु ने बताया कि यह समस्या रनवे 10 पर जीपीएस आधारित लैंडिंग के दौरान दर्ज की गई। स्पूफिंग का पता लगते ही तुरंत वैकल्पिक प्रक्रियाएं अपनाई गईं, जिससे विमान सुरक्षित रूप से उतरे। मंत्री ने स्पष्ट किया कि दूसरे रनवे पूरी तरह सुरक्षित रहे क्योंकि वहां पारंपरिक नेविगेशन सिस्टम उपलब्ध थे। उड़ान संचालनों पर कोई गंभीर असर नहीं पड़ा।

**दिल्ली समेत कई हवाई अड्डों पर जीपीएस स्पूफिंग की कोशिश**

### समस्या दिल्ली तक सीमित नहीं

सरकार के अनुसार, जीपीएस जामिंग/स्पूफिंग की रिपोर्ट नवंबर 2023 से अनिवार्य की गई है। इसके बाद देश के कई बड़े हवाईअड्डों से यह समस्या लगातार सामने आ रही है। इसमें कोलकाता, अमृतसर, मुंबई, हैदराबाद, बंगलूरू और चेन्नई एयरपोर्ट शामिल हैं। इन सभी जगहों पर जीएनएसएस इंटरफेरेंस की शिकायतें मिल रही हैं।

### यह है जीपीएस स्पूफिंग

जीपीएस स्पूफिंग एक साइबर हमला है, जिसमें नकली सिग्नल भेजकर किसी भी डिवाइस को गलत लोकेशन दिखाई जाती है। जैसे आपके फोन की लोकेशन अचानक चार किमी दूर दिखने लगे, वैसा ही विमानों के साथ होता है। जब यह विमान के साथ होता है, तो उसका नेविगेशन सिस्टम गलत दिशा में जा सकता है, जिससे दुर्घटना का खतरा काफी बढ़ जाता है।

### महाराष्ट्र की राजनीति में शिंदे के बयान से हलचल

# 'हां, मैंने सीएम पर आरोप लगाए लेकिन ये लोकल चुनाव का हिस्सा'

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र लोकल बॉडी इलेक्शन को लेकर घमासान मचा हुआ है। इस बीच डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के सीएम देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ बयान देने से हंगामा मच गया, जिसके बाद कयास लगाए जाने लगे की महायुति में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। हालांकि अब सोमवार को शिंदे ने अपने बयान का बचाव किया है, लेकिन इशारों-इशारों में बीजेपी को नसीहत भी दी है।



उन्होंने कहा कि दरअसल ये बयानबाजी स्थानीय निकाय चुनाव का एक हिस्सा है। इस पर ज्यादा बहस नहीं होनी चाहिए। शिंदे ने सोमवार को कहा, 'हां, यह सच है कि मैंने सीएम पर आरोप लगाए, और उन्होंने भी मुझ पर आरोप लगाए, लेकिन ये चुनाव लोकल चुनाव हैं, इन चुनावों में बड़े राजनीतिक मुद्दों को उठाने की जरूरत नहीं है। पार्टी कार्यकर्ता चाहते हैं कि उनकी सीनियर लीडरशिप इन चुनाव कैंपेन में उनके साथ आए।'

### फड़नवीस की पलटवार

वहीं, दूसरी ओर सीएम फड़नवीस ने कहा कि मैंने अपने विरोधियों पर भी कोई टिप्पणी नहीं की, अपने सहयोगियों पर टिप्पणी करने की तो बात ही छोड़ दीजिए। ये स्थानीय निकाय चुनाव हैं जिनमें हमारी पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव लड़ते हैं और हम राज्य के सभी हिस्सों में पहुँचने की कोशिश करते हैं जहाँ चुनाव हो रहे हैं ताकि चुनाव के दौरान अपने कार्यकर्ताओं का प्रचार और समर्थन कर सकें।

### आज होगा मतदान नतीजे कल

बता दें महाराष्ट्र में दो दिसंबर को स्थानीय निकाय चुनावों का महत्वपूर्ण दौर शुरू होने वाला है, जिसमें 246 नगरपालिका परिषदों और 42 नगर पंचायतों के लिए मतदान होना है, जो उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित त्रिस्तरीय प्रक्रिया का पहला चरण है मतगणना तीन दिसंबर को होगी।

### जांच खत्म करने की अपील की

# भ्रष्टाचार मामले पर नेतन्याहू ने मांगी राष्ट्रपति से माफी

एजेंसी ▶▶| तेलअवीव

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी से जुड़े मामलों की जांच खत्म करने की अपील की है। उन्होंने बाकायदा इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग के सामने क्षमादान की अपील की है। नेतन्याहू के अनुसार, ऐसा करना राष्ट्रहित में होगा। इस मामले को लेकर राष्ट्रपति हर्ज़ोग के कार्यालय ने भी एक बयान जारी किया है।



इसमें बताया गया है कि प्रधानमंत्री के वकीलों की ओर से 111 पन्नों का एक प्रस्ताव भेजा गया है, जिसे न्याय मंत्रालय के समाधान विभाग को अग्रसारित कर दिया गया है। राष्ट्रपति के कानूनी सलाहकार भी नेतन्याहू के माफी अनुरोध पर विचार कर रहे हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा है कि यह एक 'असाधारण अनुरोध' है और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसलिए सभी पक्षों से राय लेकर ही इस पर आगे निर्णय लिया जाएगा।

### क्षमादान के मायने क्या?

समझने वाली बात यह है कि यदि इजराइली राष्ट्रपति इस मामले में नेतन्याहू को क्षमादान दे देते हैं, तो इसका सीधा अर्थ होगा कि बिना औपचारिक दोष सिद्ध हुए ही उन्हें क्लीन चिट मिल जाएगी। जानकारों का मानना है कि यह फैसला इजराइल की राजनीति में बड़ा भूचाल ला सकता है। दिलचस्प तथ्य यह है कि नेतन्याहू द्वारा माफी मांगने का अनुरोध ऐसे समय आया है, जब कुछ हफ्ते पहले ही पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी हर्ज़ोग को पत्र लिखकर नेतन्याहू के खिलाफ आरोप माफ करने की अपील की थी।

### नेतन्याहू पर यह हैं आरोप

नेतन्याहू पर 2020 में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। उन पर धनी सहयोगियों से उपहार लेने और उसके बदले राजनीतिक लाभ पहुंचाने का आरोप है। उन्होंने इन आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया था। वहीं उनके विरोधियों का मानना है कि नेतन्याहू गाजा युद्ध को इसलिए लंबा खींच रहे हैं, ताकि सत्ता में बने रहने का माहौल उनके पक्ष में बना रहे और सभी आरोपों के बावजूद पीएम पद सुरक्षित रहे। दूसरी ओर इसराइली विपक्ष लगातार हमलावर है। उनका कहना है कि यदि नेतन्याहू को किसी प्रकार की छूट दी जाती है, तो वे इसका कड़ा विरोध करेंगे।

## ओयूपी के वैश्विक सर्वेक्षण में 'ऑरा फार्मिंग' और 'बायोहैक' को पछाड़ा

### यह प्रतिष्ठित संस्था हर साल चुनती है प्रभावशाली शब्द

# 'रेज बैट' बना ऑक्सफोर्ड का वर्ड ऑफ द ईयर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने इस साल 'रेज बैट' को ऑक्सफोर्ड वर्ड ऑफ द ईयर 2025 घोषित किया है। यह इस साल इंटरनेट पर सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला शब्द बन गया है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (ओयूपी) ने तीन दिन के वैश्विक सर्वेक्षण में 30,000 से ज़्यादा लोगों के वोट के बाद, इसे आधिकारिक तौर पर ऑक्सफ़ोर्ड वर्ड ऑफ द ईयर 2025 का खिताब दिया है। इस शब्द ने दो समान रूप से अपने दो प्रतिद्वंदियों 'ऑरा फार्मिंग' और 'बायोहैक' को पछाड़ दिया। रेज थ्रेड का इस्तेमाल यह ऑनलाइन आक्रोश के लिए किया जाता है। चाहे एल्गोरिदम संबंधी आक्रोश हो, राजनीतिक गुस्सा हो। यह साल कंटेंट कंज्यूमिंग से होने वाली थकान और आक्रोश का साल रहा।

### 'रेज बैट' का अर्थ

*ओयूपी के अनुसार, गुस्सा भड़काने वाले कंटेंट, जो जानबूझकर क्रोध या आक्रोश को भड़काने के लिए बनाई गई सामग्री हो। आमतौर पर इसका कनेक्शन ट्रैफिक या क्लिक बढ़ाने के लिए बनाए गए वैसे कंटेंट से है, जो आपको भड़काने के लिए ही तैयार की गई है। ऐसे कंटेंट जो काफी थका देने वाले और निराशाजनक थे। उनके लिए भी रेज बैट का खूब इस्तेमाल हुआ।*




### पिछले साल का वर्ड ऑफ द ईयर

पिछले वर्ष ऑक्सफोर्ड वर्ड ऑफ द ईयर, ब्रेन रोट शब्द बना था। यह ऐसे कंटेंट कंज्यूमिंग को लेकर था, जिसकी प्रोडक्टिविटी कुछ नहीं थी और यह लोगों को मानसिक रूप से थका कर सिर्फ निष्क्रिय करने वाला होता था। ब्रेन रॉट से कंटेंट कंज्यूमिंग से उत्पन्न होने वाली इसी थकावट को दर्शाया गया था। ओयूपी के अध्यक्ष कैस्पर ग्रैथवोहल ने कहा कि यदि पिछले वर्ष के विजेता ब्रेन रोट ने स्क्रॉलिंग से होने वाली हमारी मानसिक थकान को दर्शाया था, तो रेज बैट उस थकान को बनाये रखने के लिए सक्रिय रूप से तैयार की गई विषय-वस्तु को उजागर करता है।

### पिछले पांच वर्ष के ऑक्सफोर्ड वर्ड ऑफ द ईयर

- 2025 : रेज बैट
- 2024 : ब्रेन रॉट
- 2023 : रिज
- 2022 : गोब्लिन मोड
- 2021 : वैक्स

# रुबैया किडनैपिंग केस का आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

सीबीआई ने 36 साल पुराने चर्चित रुबैया सईद किडनैपिंग केस में एक महत्वपूर्ण गिरफ्तारी की है। यह गिरफ्तारी श्रीनगर के इशबर निशात इलाके से की गई है। आरोपी पर 8 दिसंबर 1989 को हुई इस अपहरण की घटना में शामिल होने का आरोप है। यह मामला उस समय पूरे देश में सुर्खियों में था, जब तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद को जेकेएलएफ आतंकियों ने अगवा कर लिया था।


**■ 36 साल पुराने मामले में सीबीआई का बड़ा एक्शन**

### 36 साल चर्चित किडनैपिंग केस

मामले में यासीन मलिक मुख्य आरोपियों में से एक है, जिसे मई 2023 में एक विशेष एनआईए अदालत ने टेरर फंडिंग केस में सजा सुनाई थी और फिलहाल वह तिहाड़ जेल में बंद है। सीबीआई के अनुसार हाल ही में गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

रुबैया को पांच दिन बाद रिहा किया गया था, जब केंद्र में वी पी सिंह की सरकार ने आतंकियों की मांग मानते हुए जेकेएलएफ के पांच सदस्यों को छोड़ दिया था। यह फैसला उस समय बेहद विवादित रहा था।


# माधुरी ने तोड़ी अपनी इमेज पहली बार इतना डार्क किरदार



**नई दिल्ली।** माधुरी दीक्षित पिछले 40 सालों से मनोरंजन जगत में अपनी चमक बरकरार रखे हुए हैं। हर दशक में उन्होंने खुद को नए अंदाज में पेश किया है चाहे वह अभिनय हो, नृत्य, या चुनौतियों से भरी भूमिकाएं। अब वह डिज्नी+हॉटस्टार की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' में नजर आएंगी, जहां वह एक निगेटिव किरदार निभा रही हैं जो उनके लंबे और शानदार कॅरियर में बहुत कम देखने को मिला है। माधुरी ने कहा, हर दशक की अपनी एक पहचान रही है। कई फिल्में थीं जिन्होंने मुझे आगे बढ़ाया। मैंने हमेशा कुछ अलग करने की कोशिश की है, और खुद को चुनौती दी है। लेकिन इस दशक की बात करूं तो मेरे लिए 'मिसेज देशपांडे' वही भूमिका है। ऐसा किरदार मैंने पहले कभी नहीं निभाया.'पुकार' में एक लड़की थी जो नासमझी में गलती कर बैठती है। लेकिन, यहां कोई मासूमियत नहीं है। वह जानती है कि वह क्या कर रही है, बहुत सोच-समझकर, परतदार और दिलचस्प ढंग से।

लाइफ Style

# सामंथा
## राज निदिमोरु से की गुपचुप शादी



साउथ की फेमस एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने दूसरी शादी कर ली है। उन्होंने 'द फैमिली मैन' के निर्माता राज निदिमोरु से तमिलनाडु के कोयंबटूर में सद्गुरु के ईशा योग सेंटर में गुपचुप शादी की, जिसमें कपल के सिर्फ करीबी दोस्त ही शामिल हुए। उन्होंने फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इस सिंपल सी शादी में सामंथा ने लाल रंग की साड़ी पहनी है और सात फेरों की 5 तस्वीरें शेयर की हैं। सामंथा रुथ प्रभु ने राज निदिमोरु संग शादी करने के बाद सोशल मीडिया पर वेडिंग फोटोज शेयर की हैं। पहली तस्वीर में राज उनकी उंगली में अंगूठी पहना रहे हैं। सामंथा जहां लाल रंग की साड़ी में हैं। वहीं, राज ने सफेद रंग का कुर्ता-पजामा और हल्के भूरे रंग की जैकेट पहनी है। साल 2010 में तमिल फिल्म 'विन्नैथांडी वरुवाया से सामंथा ने डेब्यू किया था। कुछ साउथ की फिल्में करने के बाद सामंथा ने साल 2012 में प्रतीक बब्बर की बॉलीवुड मूवी 'एक दीवाना था' में कैमियो किया था। लेकिन आज तक किसी भी बॉलीवुड फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस एक्टिंग नहीं की है। लेकिन, 15 साल के करियर में वह कई तमिल और तेलुगु भाषा की फिल्मों में लीड रोल कर चुकी हैं। इनमें से कई फिल्में हिंदी में डब होकर आईं। जिसके कारण हिंदी पट्टी में भी सामंथा की फैन फॉलोइंग बढ़ गई। इस लिस्ट में कई फिल्में शामिल हैं। जैसे साल 2021 में एसएस राजामौली ने ईगा नाम से एक तेलुगू फिल्म बनाई। इस फिल्म की हीरोइन सामंथा थीं। इस फिल्म को हिंदी पट्टी के दर्शकों ने भी काफी पसंद किया था। सामंथा ने कम समय में ही साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपने लिए जगह बना ली। वह कई नामी एक्टर्स के साथ फिल्मों में हीरोइन के तौर पर नजर आईं।

# आखिरी दिनों में वे बहुत कष्ट में थे धर्मेंद्र को याद कर हेमा की छलकीं आंखें

**मुंबई।** धर्मेंद्र इस दुनिया में नहीं रहे। सोमवार 24 नवंबर को उन्होंने 89 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह दिया। प्राइवेट तरीके से देओल परिवार ने अभिनेता का अंतिम संस्कार मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट पर किया। बॉलीवुड के ही-मैन की अंतिम यात्रा में परिवार के अलावा कई फिल्मी हस्तियां भी पहुंचीं। मगर, फैंस अपने चहेते सितारे के अंतिम दर्शन नहीं कर सके। हाल ही में हेमा मालिनी ने जल्दबाजी में हुए धर्मेंद्र के अंतिम संस्कार पर चुप्पी तोड़ी है और उनके आखिरी दिनों के बारे में बात की है।

### काश फॉर्महाउस पर मिल पाती

फिल्ममेकर हमाद अल रेयामी ने धर्मेंद्र के निधन के बाद हाल ही में हेमा मालिनी से मुलाकात की। उन्होंने लिखा है कि हेमा मालिनी के साथ मुलाकात के बाद उन्होंने एहसास हुआ कि वे कितनी गहरी उदासी में जी रही हैं। हेमा को अपने हमसफर धर्मेंद्र के साथ ज्यादा समय नहीं बिता पाने का अफसोस है। हेमा मालिनी ने अपनी कांपती आवाज में रेयामी के सामने कहा कि काश वे दो महीने पहले की तरह धर्मेंद्र से फॉर्महाउस पर मिल पातीं। साथ ही हेमा मालिनी ने कहा कि आखिरी दिनों में धर्मेंद्र सेहत की वजह से बेहद कष्ट में थे।

### दुख को छिपाने की कोशिश करती रहीं

निर्माता हमाद अल रेयामी ने लिखा है, 'शोक के तीसरे दिन मैं मशहूर आर्टिस्ट हेमा मालिनी से मिलने गया, जो दिवंगत सुपरस्टार धर्मेंद्र की पत्नी हैं। यह पहली बार था, जब मैं उनसे आमने-सामने मिला था। हालांकि मैंने उन्हें पहले भी कई बार दूर से देखा था, लेकिन इस बार कुछ अलग था। यह एक दुखद अवसर था, ऐसा दुख जो लगभग समझ से बाहर है। मैं कितनी भी कोशिश कर लूं, मैं उनके साथ बैठा और मैं उनके चेहरे पर एक अंदरूनी उथल-पुथल देख सकता था जिसे वे पूरी तरह छिपाने की कोशिश कर रही थीं'।



### क्यों किया गया जल्दबाजी में अंतिम संस्कार?

हेमा मालिनी ने इस दौरान जल्दबाजी में प्राइवेट तरीके से हुए अभिनेता के अंतिम संस्कार के फैसले पर भी बात की। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र हमेशा से चाहते थे कि उन्हें मजबूत देखा जाए। परिवार वाले भी उन्हें कभी कमजोर या बीमार न देखें। उनके आखिरी दिन बहुत दर्दनाक थे और उन्हें लगा कि फैंस को उन्हें उनकी पूरी ताकत के साथ याद रखना चाहिए न कि उनके दुख के साथ। फिर उन्होंने बहुत दुख के साथ कहा कि उन्हें अफसोस है कि उनके फैंस को उन्हें आखिरी बार देखने का मौका नहीं मिला।

अजन्ता®
AJANTA®
fssai ISO IS:5346
ESTD. 1949
AJANTA BAKING POWDER
Food Color Preparation
Baking Powder, Custard
Powder, Drinking Chocolate
& Flavours
www.ajantafoodproducts.com

# बॉर्डर 2 से दिलजीत का दमदार लुक रिवील



**मुंबई।** फिल्म 'चमकीला' में अपनी अभिनय से दर्शकों पर छाप छोड़ने वाले दिलजीत दोसांझ जल्द ही फिल्म 'बॉर्डर-2' से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। फिल्म में दिलजीत का पहला लुक सामने आ चुका है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ भारतीय वायुसेना के बहादुर फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों का किरदार निभा रहे हैं, जिन्होंने 1971 में पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों को नष्ट कर दिया था। उनका लुक काफी प्रभावशाली दिख रहा है। दिलजीत दोसांझ ने 'बॉर्डर-2' से अपना पहला लुक शेयर किया है, जिसमें वह बड़ी मूछों और जोश भरे चेहरे के साथ लड़ाकू विमान में बैठे नजर आ रहे हैं। वह खून से लथपथ हैं। एक यूजर ने तारीफ करते हुए लिखा, "बॉर्डर 2 से आपकी पहली झलक वाकई कमाल की है। 23 जनवरी 2026 को लॉन्च के लिए बिल्कुल सही समय है। भारत माता की जय। दूसरे ने लिखा, बॉर्डर 2 में दिलजीत कमाल लग रहे हैं। सनी और वरुण ने पहले ही आसमान छू लिया है। अब इस गणतंत्र दिवस धमाके का बेसब्री से इंतजार है। बताया जाता है कि पाकिस्तान की एक बटालियन ने मेजर और उनके सिपाहियों पर हमला किया था, लेकिन घायल होने के बावजूद उन्होंने कई शत्रु सैनिकों को अकेले मार गिराया था।

## मौनी को महीनों बाद देख उड़े सबके होश

*नई दिल्ली। मौनी रॉय को अक्सर पपाराजी के लिए पोज देते देखा जाता है। इस बार उनके साथ उनकी दोस्त भी थीं जिनके बारे में फैंस पूछताछ कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने फिटेड ब्लैक स्कर्ट और व्हाइट शर्ट पहनी थी। उन्होंने इसे टाई और ब्लैक हील्स के साथ पेयर किया था। कुछ सेलेब्रिटीज को अपना ग्लैमर दिखाने के लिए रेड कार्पेट की जरूरत नहीं होती और मौनी रॉय इसका एक बेहतरीन उदाहरण हैं। बीती शाम उन्हें मुंबई की सड़कों पर जलवे बिखेरने के बाद एक वेन्यू से निकलते हुए देखा गया। कैमरे उनके पीछे-पीछे चल रहे थे, लेकिन मौनी यूं ही आगे नहीं बढ़ीं, बल्कि इंतजार करती रहीं और फोटोग्राफर्स को 'हाय' कहा।*

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ऑरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

# जलसा के बाहर फिर लगा फैंस का जमावड़ा



**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के फैंस को उनकी एक झलक पाने का बेसब्री से इंतजार रहता है। यही वजह है कि बिग बी ज्यादातर रविवार को अपने मुंबई स्थित बंगले जलसा के बाहर अपने फैंस से मिलने आते हैं। बीते रविवार को भी बिग बी ने फैंस से मुलाकात की और साथ ही इस पल को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और एक इमोशनल नोट भी लिखा। अमिताभ बच्चन ने अपने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में बिग बी ने फैंस के साथ अपनी मुलाकात के पल की एक खास तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने अपने फैंस के लिए लिखा, 'T 5582- मुस्कुराहटें जो मुझे जीने देती हैं और अस्तित्व में लाती हैं।' इसके साथ ही बिग बी ने यह भी लिखा कि फैंस की यह खुशी ही उन्हें आगे काम करने की ताकत देती है। अमिताभ बच्चन कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। वह नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में जटायु के किरदार के लिए वॉयस ओवर करेंगे। इस फिल्म में बिग बी के अलावा रणबीर कपूर राम, साई पल्लवी सीता, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म का पहला भाग 2026 में रिलीज होगा। वहीं 'ब्रह्मास्त्र पार्ट 2' और 'कल्कि 2' जैसी फिल्मों में भी दिखाई देंगे। बहरहाल, इन दिनों बिग बी लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' (KBC) सीजन 17 की होस्टिंग कर रहे हैं।

# वी शांताराम की बायोपिक में नजर आएंगे सिद्धांत



**मुंबई।** भारतीय फिल्म निर्माता, फिल्म निर्देशक और अभिनेता वी शांताराम की बायोपिक में सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। सोमवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक खास पोस्टर शेयर किया है। जिसमें सिद्धांत का लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। इस फिल्म के पहले पोस्टर में सिद्धांत चतुर्वेदी धोती, कुर्ता, कोट और टोपी पहने स्टाइलिश अंदाज में पोज देते नजर आ रहे हैं। सिद्धांत के पीछे एक चील और खुला आसमान दिखाई दे रहा है। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला विद्रोही बड़े पर्दे पर वापस आ गया है।' फिल्म के पोस्टर को लेकर सिद्धांत के फैंस ने अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'मुझे पहले से ही यकीन है कि आप इसमें भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे शुभकामनाएं', एक और फैन ने लिखा, 'सिद्धांत भाई आप बहुत गजब लग रहे हो।'

### कौन थे वी शांताराम

शांताराम राजाराम वणकुद्रे का जन्म 18 नवंबर 1901 को हुआ। वी. शांताराम को प्यार से लोग शांताराम बापू कहते थे। वह एक भारतीय फिल्म निर्माता, फिल्म निर्देशक और अभिनेता थे। उन्हें 'अमर भूपाली', 'झनक झनक पायल बाजे', 'दो आंखे बारह हाथ', 'नवरंग', 'दुनिया न माने' और 'पिंजरा' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। उन्होंने 1927 में अपनी पहली फिल्म 'नेताजी पालकर' को निर्देशित किया था।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

चिंतन

# देश के विकास के लिए संसद चलने दे विपक्ष

देशहित के लिए संसद का चलना बेहद जरूरी है, क्योंकि संसद कानून बनाने, राष्ट्रीय नीतियों पर चर्चा करने और सरकार को जवाबदेह ठहराने के लिए सर्वोच्च मंच है। इसके सुचारू रूप से चलने से ही देश को प्रभावी ढंग से चलाया जा सकता है, लोगों की ज़रूरतों और चिंताओं को समझा जा सकता है। संसद में आमजन के लिए कानून परित किए जाते हैं, तभी एक विकसित देश की कल्पना साकार होती है। लेकिन देखने में आ रहा है कि विपक्ष हर बार संसद में हंगामा कर समय खराब कर देता है। इससे न सिर्फ देशहित, बल्कि आमजन के मुद्दे भी गौण हो जाते हैं। कानून पारित नहीं हो पाते हैं, जिसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ता है। सोमवार से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो चुका है, लेकिन विपक्ष ने पहले ही दिन एसआईआर और वोट चोरी के मुद्दे पर जमकर हंगामा किया। संसद को नहीं चलने दिया। 19 दिसंबर तक चलने वाले कुल 15 बैठकों वाले इस सत्र में केंद्र सरकार संभवतः 14 बड़े विधेयक पेश करने जा रही है, जिन पर सरकार पूर्ण बहुमत के साथ पारित करवाने पर जोर देगी। इसमें असैन्य परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने से लेकर कॉर्पोरेट और बीमा कानूनों में बदलाव तक कई अहम प्रस्ताव शामिल हैं। इन सभी का लाभ लोगों को मिलना है। अगर विपक्षी दल ऐसे ही हंगामा करते रहे तो ये बिल कैसे संसद में पेश हो पाएंगे और लोगों को कैसे इसका लाभ मिल पाएगा। रविवार को सर्वदलीय बैठक के बाद सोमवार को भी सरकार ने स्पष्ट कर दिया कि वह सभी मुद्दों पर चर्चा करने को तैयार है, लेकिन विपक्ष संसद को चलने दे। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि संसद 'ड्रामा' करने की जगह नहीं है, यह काम करने की जगह है। विपक्ष संसद को चुनावी हार के बाद हताशा निकालने का मंच बना रहा है। सत्र को राजनीतिक ड्रामे का रंगमंच नहीं बनाया जाना चाहिए, बल्कि यह रचनात्मक और परिणामोन्मुखी बहस का मंच होना चाहिए। यदि विपक्ष चाहे तो वह उसे राजनीति में सकारात्मकता लाने के कुछ सुझाव देने को तैयार हैं। मोदी ने कहा कि 'हमें ज़िम्मेदारी की भावना से काम करने की ज़रूरत है। संसद ड्रामा करने की जगह नहीं है, यह काम करने की जगह है।' वहीं, कांग्रेस का आरोप है कि सरकार सत्र छोटा रखकर संसद को 'डिरेल' करना चाहती है। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सभी दलों के नेताओं से अलग-अलग बातचीत की। उन्होंने कहा कि सर्दियों का मौसम है, उम्मीद है सब लोग ठंडे दिमाग से काम करेंगे। बहस हो, लेकिन व्यवधान नहीं। शांत माहौल देश के लिए फायदेमंद होगा और संसद सुचारू चलेगी। संसद में सभी जरूरी मुद्दों पर सार्थक बहस होनी चाहिए, ताकि सभी को कानूनों का लाभ मिल सके और आमजन के मुद्दों को उठाने, जनहित में कानून पास करवाने और देश के विकास के लिए संसद का चलना बेहद जरूरी है। बीते कुछ वर्षों से धारणा बनी है कि सदन चलाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की है, जबकि सदन दोनों पक्षों की सहमति और जिम्मेदारी है। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ठीक ही लिखा था कि संसदीय प्रणाली में न केवल सशक्त विरोधी पक्ष की आवश्यकता होती है, बल्कि सरकार और विरोधी पक्ष के बीच सहयोग भी आवश्यक होता है। हम जहां तक ऐसा करने में सफल होंगे, वहां तक हम संसदीय जनतंत्र की ठोस नींव रखने में सफल होंगे।



मुद्दा
मनोज कुमार अग्रवाल

# सोनिया-राहुल के गले की फांस बना हेराल्ड

नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आर्थिक अपराध शाखा ने राहुल और सोनिया समेत 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपों के मुताबिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की दो हजार करोड़ रुपये की संपत्ति महज 50 लाख रुपये में हड़प ली गई थी। इस मामले में एजेएल ने 6 लोगों और 3 कंपनियों को आरोपी बनाया है। नेशनल हेराल्ड केस की जांच कर रही ईडी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने केस दर्ज किया है। कांग्रेस से जुड़ी एसोसिएटेड जर्नल्स को धोखाधड़ी से कब्जाने की साजिश का आरोप लगा है।

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और उनके बेटे एवं लोकसभा सांसद राहुल गांधी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती दिखाई दे रही हैं। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने नेशनल हेराल्ड केस में मामला दर्ज किया है। आरोपों के मुताबिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की दो हजार करोड़ रुपये की संपत्ति 50 लाख रुपये में खरीदी गई थी। इस मामले में दोनों नेताओं के खिलाफ अब दिल्ली पुलिस ने नई प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें सोनिया और राहुल के अलावा कुल छह अन्य लोगों और तीन कंपनियों के नाम शामिल हैं। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आर्थिक अपराध शाखा ने राहुल और सोनिया गांधी समेत 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपों के मुताबिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिडेट की दो हजार करोड़ रुपये की संपत्ति महज 50 लाख रुपये में हड़प ली गई थी। इस मामले में एजेएल ने 6 लोगों और 3 कंपनियों को आरोपी बनाया है। नेशनल हेराल्ड केस की जांच कर रही ईडी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने केस दर्ज किया है। कांग्रेस पार्टी से जुड़ी एसोसिएटेड जर्नल्स को धोखाधड़ी से कब्जाने की साजिश का आरोप लगा है।

सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड केस की जांच पूरी करने के बाद अपनी रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंपी थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज की। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस के स्वामित्व वाली संस्था एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) का अधिग्रहण धोखाधड़ी के जरिए किया गया। एसोसिएट जर्नल की कुल संपत्ति लगभग 2000 करोड़ रुपये बताई गई है। यह अधिग्रहण यंग इंडियन के माध्यम से किया गया था, जिसमें गांधी परिवार की 76 फीसदी हिस्सेदारी बताई जाती है। आपको बता दें कि नई एफआईआर में सोनिया और राहुल गांधी के अलावा इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा और तीन अन्य व्यक्तियों के नाम भी दर्ज किए गए हैं। जिन कंपनियों को एफआईआर में शामिल किया गया है, उनमें एजेएल, यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। एफआईआर में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इडी ने 9 अप्रैल, 2025 को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और डोटेक्स के प्रमोटर के खिलाफ नेशनल हेराल्ड/एसोसिएटेड जर्नल्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक चार्जशीट दायर की थी। यहां आपको बता दें कि ताज़ा एफआईआर में सोनिया गांधी (आरोपी संख्या 1) राहुल गांधी (आरोपी संख्या 2) सुमन दुबे (आरोपी संख्या 3) सैम पित्रोदा (आरोपी संख्या 4) मेसर्स यंग इंडियन (आरोपी संख्या 5) मेसर्स डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड (आरोपी संख्या 6) सुनील भंडारी (आरोपी संख्या 7) बनाए गए हैं। आरोप है कि कोलकाता स्थित तीन फर्जी कंपनियों के माध्यम से यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपये दिए गए और सिर्फ 50 लाख रुपये में एसोसिएट जर्नल का अधिग्रहण किया गया, जबकि एसोसिएट जर्नल की संपत्ति 2,000



करोड़ रुपये आंकी गई है। माना जा रहा है कि दिल्ली पुलिस जल्द ही एजेएल के शेयरधारकों से पूछताछ कर सकती है। गांधी परिवार पर आरोप है कि इस संपत्ति को हड़पने के लिए यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड नाम की फर्जी का इस्तेमाल किया गया। ये कंपनियां कथित तौर पर कोलकाता की एक शेल कंपनियां हैं, जिसने यंग इंडिया को एक करोड़ रुपये दिए थे, जिससे गांधी परिवार ने कांग्रेस को 50 लाख रुपये देकर एसोसिएट जर्नल को कथित तौर पर 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति खरीदने के लिए कहा था।

गौरतलब है कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में नेशनल हेराल्ड अखबार की शुरूआत की थी। इसकी संपत्ति दिल्ली, मुंबई, लखनऊ समेत कई शहरों में फैली थी। एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी अखबार के प्रबंधन का जिम्मा संभालती थी। आरोपों के मुताबिक जिस वक्त नेशनल हेराल्ड की संपत्ति गांधी परिवार को महज 50 लाख रुपये में बेची गई उस वक्त उसकी कीमत 2,000 करोड़ रुपये थी। पता रहे नेशनल हेराल्ड केस में 2008 से 2014 के बीच मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। वर्ष 2014 में भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की निजी शिकायत के आधार पर दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने इस मामले पर संज्ञान लिया था। 9 अप्रैल को गांधी परिवार समेत अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आपको बता दें गांधी परिवार ने पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट दोनों में चुनौती दी, लेकिन अदालतों ने कोई राहत नहीं दी। चूंकि यह मामला हजारों करोड़ की एजेएल की संपत्तियों और शेयरों के रूप में अपराध की आय बनाने, कब्जे और उपयोग से संबंधित है, इसलिए 752 करोड़ मूल्य की एजेएल की संपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए इडी ने 20 नवंबर 2023 को अटैच करने का आदेश जारी किया था, जिसकी निर्णायक प्राधिकारी ने पुष्टि कर दी है। इडी की जांच रिपोर्ट आयकर विभाग के यंग इंडियन के मामले में 27 नवंबर 2017 के आदेश को और आगे बढ़ाती है। 2017 में, आईटी विभाग ने यंग इंडियन के हाथों एजेएल की संपत्तियों के अवैध अधिग्रहण पर 414 करोड़ रुपये से अधिक की बड़ी टैक्स चोरी पाई थी। हालांकि इडी के आरोपों को कांग्रेस पार्टी लंबे समय से खारिज करती आ रही है। कांग्रेस का कहना है कि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी बीजेपी एजेंसियों का इस्तेमाल कर गांधी परिवार को परेशान कर रही है। कांग्रेस ने लगातार आरोपों को गलत बताया है और इडी पर सरकार के कहने पर राजनीतिक चाल चलने का आरोप लगाया है। दूसरी तरफ, बीजेपी इसे कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार का भ्रष्टाचार बताती रही है। भाजपा तो शुरू से ही कहती आई है कि कांग्रेस के नेताओं ने बड़े_बड़े घोटालों को अंजाम दिया है और देश को लूटने का काम किया है। अब नेशनल हेराल्ड मामले में संसद सत्र शुरू होने से ठीक पहले नई एफआईआर दर्ज होना भाजपा द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को बल दिया है। वहीं संसद सत्र के समय सत्तापक्ष के हाथों कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एक और बड़ा मुद्दा दे दिया है। देश के राजनीतिक हलके में ताजा एफआईआर से हड़कंप मच गया है कयास लगाए जा रहे हैं कि राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले के आगे बढ़ने पर नेता प्रतिपक्ष पद भी छोड़ना पड़ सकता है। संभावना है कि अब सरकार विपक्ष पर हावी होने के लिए नई स्टेट्र्जी बना कर काम कर रही है और जल्द ही कुछ अहम बिल सरकार संसद में लाएगी और अपने अजेंडा को प्रभावी बनाएगी। वहीं, इस एफआईआर के बाद चर्चा है कि कांग्रेस बैकफुट पर दिखाई देगी। अब देखना है कि संसद सत्र में क्या होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मेजबानी
रोहित माहेश्वरी



# ओलंपिक की मेजबानी वाया राष्ट्रमंडल गेम्स

दुनियाभर में खेलों को लेकर अलग ही रोमांच देखने को मिलता है, क्योंकि खेल के मैदान में खिलाड़ियों के धैर्य, ताकत और हौसले की काबिले तारीफ जुगलबंदी देखने को मिलती है। इस संदर्भ में बात करें तो इस बार भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी का अधिकार मिल गया है, जिसमें अहमदाबाद को मेजबान शहर घोषित किया गया है। यह ऐतिहासिक घोषणा 26 नवंबर को ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की महासभा में की गई। भारत ने पिछली बार 2010 में दिल्ली में इन खेलों की मेजबानी की थी। कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन किसी भी देश के लिए सिर्फ खेल आयोजन नहीं, बल्कि उसकी अंतरराष्ट्रीय छवि, विकास क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर और विजन का प्रतीक माना जाता है। अब तक ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, कनाडा और न्यूजीलैंड सहित कुल 9 देश इसकी मेजबानी कर चुके हैं। भारत को दूसरी बार मेजबानी के अधिकार मिले हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिलने से ओलंपिक गेम्स 2036 की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी और मजबूत होगी। भारत 2036 के ओलंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी कर रहा है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने लाल किले से इसका ऐलान भी किया था। पिछले साल नवंबर में भारत ने ओलंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी। साल 2029 में विश्व पुलिस खेल की मेजबानी की भी तैयारी की जा रही है। भारत ने वर्ष 2010 में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल में कुल 101 पदक जीते थे, जिसमें 38 स्वर्ण शामिल थे। इनमें से 30 पदक सिर्फ शूटिंग से आए थे। वर्ष 2022 में भारत ने कुल 61 पदक जीते, जिनमें 22 स्वर्ण शामिल थे। बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमंडल खेल में शूटिंग को शामिल नहीं किया गया था। कॉमनवेल्थ गेम्स का इतिहास बेहद दिलचस्प है। यह एक मल्टी-स्पोर्ट्स अंतरराष्ट्रीय आयोजन है, जिसमें ब्रिटिश शासन वाले देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। फिलहाल, इसमें 54 सदस्य देश हैं। इन गेम्स की शुरुआत 1930 में कनाडा के हैमिल्टन शहर से हुई थी। पहले इसे ब्रिटिश एम्पायर गेम्स कहा जाता था। 1978 से इसका नाम 'कॉमनवेल्थ गेम्स' हो गया। 2030 के आयोजन में कॉमनवेल्थ गेम्स को 100 साल पूरे होंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी भारत की आर्थिक उन्नति, आधारभूत ढांचे, खेल की व्यवस्थाओं की बड़ी सफलता की शुरुआत है। अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 के आयोजन के लिए तैयारियां पहले से ही शुरू हो चुकी हैं। यहां खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की तैयारी जोर-शोर पर है। मुख्य वेन्यू के तौर पर नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नारणपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एंक्लेव को प्रस्तावित किया है। भारत ने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पर लगभग 70,000 करोड़ रुपये खर्च किए थे, जबकि शुरुआती अनुमान 1600 करोड़ रुपये खर्च होने का था। चार साल में एक बार होने वाले इन खेलों में 72 देश हिस्सा लेते हैं, जिनमें से ज़्यादातर पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश हैं। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा और गुजरात के खेल मंत्री हर्ष संघवी सहित अन्य लोगों ने किया। कॉमनवेल्थ गेम्स में 70 से अधिक देश भाग लेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि यह खेल प्रतिस्पर्धा काफी बड़े पैमाने पर आयोजित की जाएगी। ऐसे में इस खेल आयोजन को सफल बनाने के लिए जो भी व्यवस्था की जाएगी, वह उच्च स्तरीय होनी चाहिए, ठीक वैसी जैसी ओलंपिक के दौरान होती है। इस तरह की खेल सुविधाएं-जिन्हें सस्टेनेबल स्पोर्ट्स इकोसिस्टम कहते हैं-विशेषकर जो हमारे युवा वर्ग हैं, उन्हें खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। इस इकोसिस्टम के तहत जब हमारे युवा खिलाड़ी तैयार होकर निकलेंगे, तो उन्हें बहुत लाभ मिलेगा। हालांकि एक तथ्य यह भी है कि जो खिलाड़ी कॉमनवेल्थ 2030 में खेलेंगे, उनमें से 70-80 प्रतिशत ओलंपिक 2036 में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उनकी उम्र अधिक हो चुकी होगी। यहां सरकार की जवाबदेही भी काफी बढ़ जाती है। समय पर उच्च स्तरीय अवसंरचनाओं का निर्माण करना कोई हंसी-खेल नहीं है। इसके लिए युद्धस्तर पर तैयारी करनी होगी। तैयारी में किसी तरह की कोई कमी न रहे, इसकी निगरानी करनी होगी। जब हम ऐसा करेंगे तभी जाकर सच्चे अर्थों में 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी कर पाने में सक्षम हों पायेंगे, क्योंकि ओलंपिक में 200 से अधिक देश भाग लेते हैं। इस आयोजन के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद होनी चाहिए। इसमें तनिक भी चूक देश की प्रतिष्ठा को मिट्टी में मिला देगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## रिलेशनशिप को रखना है स्ट्रांग, तो इन बातों की बांध लें गांठ



संकलित
दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।


## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। राजा को शिक्षा ग्रहण करते हुए कई महीने बीत गए, मगर राजा को कोई लाभ नहीं हुआ। गुरु तो रोज खूब मेहनत करता थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिए। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया: राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरुवर कृपा कर के आप शीघ्र इस प्रश्न का उत्तर दीजिए, राजा ने विनती की। गुरूजी ने कहा: राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आतंक पर निर्णायक सख्ती जरूरी

भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां आतंकवाद का स्वरूप बदलकर और भी जटिल और खतरनाक हो चुका है। राजधानी दिल्ली से लेकर देश के विभिन्न शहरों में हाल की घटनाएं केवल हिंसक वारदातें नहीं, बल्कि यह चेतावनी हैं कि हमारी सुरक्षा संरचनाओं में अभी भी जितनी मजबूती और तत्परता होनी चाहिए, वह नहीं है। हर विस्फोट केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि यह प्रश्न भी है कि एक उभरती वैश्विक शक्ति के रूप में भारत क्या अपनी आंतरिक सुरक्षा को उसी गंभीरता से देख रहा है, जैसी दुनिया के विकसित राष्ट्र देखते हैं? अमेरिका ने 9/11 की भयावहता के बाद आतंकवाद को गंभीर खतरे के रूप में लिया। – **मनोज त्रिपाठी**, धमतरी

## ट्रेंड

### नगालैंड के लोगों को बधाई



नगालैंड के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई! समृद्ध संस्कृति और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर नगालैंड सतत विकास में सराहनीय प्रगति कर रहा है। लोगों के उज्ज्वल, समृद्ध और शांतिपूर्ण भविष्य' की कामना। **-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### ये मेरा विश्वास



शीतकालीन सत्र सिर्फ एक परम्परा नहीं है, ये राष्ट्र को प्रगति की ओर तेज गति से आगे ले जाने का प्रयास है। ये जो प्रयास चल रहे हैं, उसमें ऊर्जा भरने का ये शीतकालीन सत्र काम करेगा। मेरा यह दृढ़ विश्वास है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### जीपीएस स्पूफिंग हुई



जीपीएस स्पूफिंग की घटनाएं तब हुई जब विमान आईजीआई के रनवे 10 पर जीपीएस बेस्ड लैंडिंग प्रोसेस का यूज कर रहे थे। विमानों को गलत और धोखा देने वाले नेविगेशन सिग्नल मिले। इस स्पूफिंग का दूसरे रनवे पर कोई असर नहीं हुआ, क्योंकि उन पर ट्रेडिशनल ग्राउंड बेस्ड नेविगेशन सिस्टम यूज किया जाता है। **-किंजरापु राममोहन नायडू, केंद्रीय मंत्री**

### बीएलओ को ट्रेनिंग नहीं दी




चुनाव आयोग ने बीएलओ को ट्रेनिंग नहीं दी। उसने गड़बड़ियों को सही नहीं किया। वोटर रोल अपडेट नहीं है। बिना प्लान के एसआईआर से 40 लोगों की मौत हुई। सरकार की जबावदेही कहां है। इस मामले में चुनाव आयोग व सरकार को जवाब देना चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है।

**-अभिषेक बनर्जी, टीएमसी सांसद**

## करंट अफेयर


### ईसा पर बनी दुर्लभ पेंटिंग 27 लाख डॉलर में बिकी



बारोक काल के महान चित्रकार पीटर पॉल रूबेन्स की एक लंबे समय से खोई हुई पेंटिंग रविवार को वर्सलीज में हुई नीलामी में 27 लाख डॉलर में बिकी। यह पेंटिंग चार सदी से अधिक समय बाद हाल में पेरिस के एक निजी टाउनहाउस में मिली थी। इसमें ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने का दृश्य दर्शाया गया है। यह एक फ्रांसीसी संग्रह का हिस्सा थी और शुरू में यह माना जा रहा था कि यह उस समय मौजूद रूबेन्स की कई कार्यशालाओं में से किसी एक में बनाई गई कृति है। नीलामीकर्ता जीन-पियरे ओसेना ने बताया, ''मुझे इस पेंटिंग को देखकर तुरंत एक एहसास हुआ और मैंने इसे प्रमाणित करवाने के लिए हर संभव प्रयास किया और अंत में हम इसे एंटवर्प स्थित रूबेन्स समिति 'रुबेनियानम' से प्रमाणित करवाने में सफल हुए।'' रूबेन्स पर शोध के लिए प्रसिद्ध विशेषज्ञ निल्स ब्यूट्नर ने नीलामी से पहले बताया कि मशहूर कलाकार ने सूली पर चढ़ाए जाने के दृश्य अक्सर चित्रित किए लेकिन ''उन्होंने बहुत कम अवसरों पर सूली पर मृत अवस्था में ईसा मसीह को दर्शाया।' उन्होंने कहा, ''यह एकमात्र ऐसी पेंटिंग है जिसमें ईसा मसीह के पार्श्व-घाव से रक्त और पानी बहते हुए दिखाया गया है और रूबेन्स ने इसे सिर्फ एक बार बनाया था।''

## ऑफ बीट

### पहले गठिया सिर्फ अमीरों की बीमारी थी; अब आम



गठिया 'क्रिस्टल आर्थ्रोपैथी' समूह का एक रोग है, जो जोड़ों और मुलायम ऊतकों में 'क्रिस्टल' जमने के कारण होता है। गठिया तब विकसित होता है, जब खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है और यह जोड़ों में पहुंचकर सुई-नुमा 'क्रिस्टल' का रूप अख्तियार कर लेता है, जिससे तीव्र दर्द और सूजन की शिकायत सताती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे से शुरू होता है और इसमें त्वचा पर हल्का-सा स्पर्श भी अक्सर असहनीय लगता है। गठिया के कुछ मरीज अपने पैर के ऊपर एक विशेष पिंजरा रखकर सोते हैं, जिससे चादर सीधे उनके पैर पर नहीं पड़ती, क्योंकि वे प्रभावित जोड़ों पर चादर का भार भी सहन करने की स्थिति में नहीं होते। गठिया अन्य जोड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। यह 'टोफी' (नरम ऊतकों या जोड़ों के पास की हड्डियों में मोनोसोडियम यूरेट का पत्थर जैसा जमाव) विकसित होने का कारण बन सकता है। गठिया का निदान असहनीय दर्द, प्रभावित जोड़ों में और उनके आसपास सूजन तथा लालिमा जैसे आम लक्षणों पर आधारित है। सूजे हुए जोड़ से लिए गए तरल पदार्थ की माइक्रोस्कोप से जांच किए जाने के दौरान 'क्रिस्टल' दिखाई दे सकते हैं। इसके अलावा, रक्त परीक्षण में आमतौर पर यूरिक एसिड का स्तर बढ़ा हुआ मिलता है।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## जैकेट के शेष

### टीम इंडिया और...

लायक था। कोई विराट कोहली की तस्वीर लेकर पहुंचा था, तो कई बच्चे ऑटोग्राफ के लिए कॉपी-पेन लेकर खड़े थे। जैसे ही खिलाड़ी बाहर निकलने लगे, भीड़ में विराट, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत को देखने की होड़ मच गई।

सिर्फ टीम इंडिया ही नहीं, साउथ अफ्रीका टीम का भी दर्शकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कुछ उत्साही फैंस तो टीम की बस का पीछा करते हुए होटल तक पहुंच गए। बता दें कि अब दोनों टीमों के सभी खिलाड़ी रायपुर में मौजूद हैं और बुधवार को होने वाले हाईवोल्टेज मुकाबले की तैयारियां अंतिम चरण पर हैं।

### एसआईआर पर घमासान...

विश्वकप में भारत की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इसके बाद जैसे ही उन्होंने प्रश्नकाल शुरू करने का निर्देश दिया, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों के सदस्य एसआईआर समेत कुछ मुद्दों पर चर्चा की मांग करते हुए अपने स्थानों पर खड़े हो गए। बाद में कुछ सदस्य आसन के समीप आ गए। बिरला ने विपक्षी सदस्यों से रचनात्मक भागीदारी निभाते हुए सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की।

अध्यक्ष ने कहा, आज शीतकालीन सत्र का पहला दिन हैं। सभी सदस्यों से अपेक्षा है कि वे रचनात्मक भागीदारी निभाएं। लोकतंत्र में सहमति, असहमति होती रही है, वैचारिक मतभेद भी होते हैं। लेकिन चर्चा, संवाद से ही समाधान निकलता है। पिछले सत्र में भी मैंने आपसे आग्रह किया था कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं और हमें अच्छी परिपाटियां और परंपराएं स्थापित करनी चाहिए।

### 12 दिन बाद फिर आएंगे...

लगातार रणनीति भी बना रहे हैं। राजधानी रायपुर में ही तीन दिनों तक डीजी-आईजी कांफ्रेंस में एक बार फिर से नक्सलवाद को समाप्त करने के साथ ही बस्तर के विकास का रोडमैप तैयार किया गया है। इस कांफ्रेंस में तीन दिनों तक यहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी रहे हैं। वे भी एक दिन पहले ही शाम को दिल्ली लौटे हैं।

### बस्तर ओलंपिक में ...

नक्सली भी शामिल होंगे। श्री साव ने कहा, हमारी सरकार के दो साल पूरे होने पर कार्यक्रम तय किए जा रहे है। एक बड़े कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा शामिल होंगे।

### दूसरी के बच्चे से मारपीट करने वाला प्रधान ...

यादव शासकीय प्राथमिक शाला जवाखाड़ी में कक्षा दूसरी का छात्र है। 28 नवम्बर को छात्र प्रतिदिन की तरह स्कूल गया था और जब शाम को छात्र घर लौटा तो उसके दोनों गाल सूजे हुए थे और आंख में खून उतर आया था। बच्चा काफी डरा हुआ था। ऐसे में जब परिजन ने बच्चे से पूछताछ की तो उसने बताया कि टिफिन बाद स्कूल का प्रधान पाठक उदय यादव शराब के नशे में धुत होकर स्कूल में पढाने आया था और जब बच्चे को गिनती सुनाने को बोला। जब बच्चा गिनती सही तरीके से नहीं बता पाया तो शिक्षक उदय यादव ने बच्चे के साथ गाली गलौज करते हुए उसके साथ जमकर मारपीट की। इस मामले में परिजन ने त्रिकुंड़ा थाने में मामले की शिकायत की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में आरोपी प्रधान पाठक उदय कुमार यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### छग के कैबिनेट मंत्री...

शोक संवेदना व्यक्त की और इस मौके पर कहा कि डॉ. हिमांशु ने जो देश और प्रदेश में अपना जो मुकाम हासिल किया है, वो उनके पिता के सद कर्मों का नतीजा है और उनके पारिवारिक संस्कार की वजह से उन्होंने यह ख्याति हासिल की है। छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री केदार कश्यप इसी प्रयोजन से ग्वालियर अपने अल्प प्रवास पर पहुंचे थे। कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रवीण पाठक, अशोक प्रेमी और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता सहित अनेक लोगों ने भी डॉक्टर हिमांशु द्विवेदी के ग्वालियर स्थित निवास पर पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है।

### इन्होंने भी दी श्रद्धांजलि....

उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य युवा मोर्चा और छत्तीसगढ़ युवा मोर्चा प्रभारी आलोक डगस, ग्वालियर जिला महामंत्री विनोद शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजू यादव, सहित भाजपा ग्वालियर महानगर के अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

### जया का बड़ा बयान...

ने कहा कि शादी अब एक पुरानी चीज हो गई है और उन्होंने बातों ही बातों में इशारा किया कि उनका इस रिश्ते से भरोसा उठ गया है। दिग्गज अभिनेत्री आगे कहती हैं कि वो नहीं चाहती हैं कि उनकी नातिन नव्या नवेली नंदा कभी शादी करें। अभिनेत्री ने ये भी कहा कि शादी किसी रिश्ते को परिभाषित नहीं करती है। जया बच्चन के इस बयान पर अब नई बहस छिड़ गई है।

**जया बच्चन ने शादी को बताया 'लड्डू':** दिग्गज एक्ट्रेस ने शादी को वो लड्डू बताया जो खाते ही मुश्किल हो जाती है और न खाने से आप पछताते हैं. वो आगे कहती हैं कि आज-कल के युवा बच्चे बुजुर्गों से ज्यादा समझदार हैं और वो अपना भला-बुरा बेहतर समझ सकते हैं।

## पेज एक के शेष

### स्टेट कोटे की आधी सीटों पर ओपन...

यानी इन सीटों पर प्रवेश राज्यस्तरीय मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा। इसका लाभ उन यूजी छात्रों को भी मिलेगा जो दूसरे संस्थाओं से अपनी पढ़ाई पूरी की है। इन कोटे की सीटे अगर दो राउंड के बाद भी खाली रह जाती है तो मापअप राउंड के दौरान उसे ओपन सीट में परिवर्तित कर दी जाएगी।

### सीबीआई करेगी देशभर में 'डिजिटल अरेस्ट'...

कॉल के जरिये पीड़ितों को धमकाते हैं। वे पीड़ितों को बंधक बनाकर उनपर पैसे देने का दबाव बनाते हैं। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना सहित गैर-भाजपा शासित सभी राज्य सरकारों से कहा कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में 'डिजिटल अरेस्ट' के मामलों की जांच के लिए सीबीआई को अनुमति दें। पीठ ने आरबीआई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा कि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में इस्तेमाल किए गए बैंक खातों को फ्रीज करने के लिए एआई या मशीन लर्निंग तकनीक का इस्तेमाल क्यों नहीं किया गया? शीर्ष अदालत ने हरियाणा के एक बुजुर्ग दंपति की शिकायत पर स्वतः संज्ञान वाले मामले में निर्देश पारित करते हुए कहा कि साइबर अपराधी ज्यादातर वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाते हैं और उनकी गाढ़ी कमाई हड़प लेते हैं। अदालत ने सूचना प्रौद्योगिकी मध्यस्थों को 'डिजिटल अरेस्ट' के मामलों से संबंधित जांच में सीबीआई को विवरण और सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया।

# गोवा में एसआईआर के दौरान 90 हजार मतदाताओं के मामले में मिली गड़बड़ियां

■ इस राज्य में थे कुल 11,85,000 मतदाता

**पणजी।** गोवा में जारी मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान लगभग 90,000 मतदाताओं के मामले में गड़बड़ियां पाई गई हैं। ये मतदाता गैर हाजिर, ट्रांसफर, मृत या डुप्लिकेट वोटर कार्ड रखने वाले पाए गए हैं। गोवा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) संजय गोयल ने पणजी में संवाददाताओं को बताया कि चार नवंबर को एसआईआर की शुरुआत के वक्त उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, गोवा में कुल 11,85,000 मतदाता थे। गोयल ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर शुरू किए जाने के बाद 10,55,000 फॉर्म भरे गए, इनमें से 96.5 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज किए गए हैं और आयोग को मिल चुके हैं।गोयल ने कहा, '90,000 मतदाताओं को गैर हाजिर, ट्रांसफर, मृत या डुप्लिकेट की कैटेगरी में रखा गया है।' उन्होंने कहा कि लगभग 40,000 फॉर्म अभी भी आयोग के पास जमा होने बाकी हैं। 2,20,000 मतदाता ऐसे हैं जो अपने माता-पिता के साथ 2002 की एसआईआर मैपिंग के दौरान नहीं मिले थे।

# ईओडब्लू ने भारतीय- विदेशी कंपनियों पर दर्ज किया केस

मुंबई में 18.33 करोड़ का शिपिंग फ्रॉड!

■ 18.33 करोड़ की धोखाधड़ी!

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की इकोनॉमिक ऑफिस विंग (ईओडब्लू) ने शुरुआती जांच पूरी होने के बाद एक बड़े शिपिंग फ्रॉड और चीटिंग केस को दर्ज किया है। यह केस मुंबई की एक शिपिंग कंपनी को करोड़ों रुपए का चूना लगाने से जुड़ा है। शिकायत में कहा गया है कि कुछ भारतीय और विदेशी कंपनियों ने मिलकर यह धोखाधड़ी अंजाम दी है। जांच में सामने आया कि यह पूरा रैकेट बेहद प्लानिंग और इंटरनेशनल नेटवर्क के साथ चलाया जा रहा था। ईओडब्लू ने इस केस में कुल 18.33 करोड़ से ज्यादा की कथित धोखाधड़ी दर्ज की है। केस में संदीप बख्शी, विकास खान, अली खान समेत एएलएक्स शिपिंग एजेंसीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और दुबई की अलादीन एक्सप्रेस डीएमसीसी को आरोपी बनाया गया है। एएलएक्स शिपिंग, ऑलकार्गो लॉजिस्टिक्स की सब्सिडियरी बताई जाती है। आरोप है कि सीनियर अधिकारियों ने मिलकर इस आर्थिक अपराध की साजिश रची और शिकायतकर्ता से भारी रकम हड़प ली।

## इस हेलीकॉप्टर का समुद्री वर्जन, दूसरी स्क्वाड्रन मिलेगा हिंदुस्तान को

# लादेन का काम तमाम करने वाले ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर से लैस होगी भारतीय नौसेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ दिसंबर के दूसरे सप्ताह में गोवा नौसैन्य अड्डे पर होगा समारोह

घरेलू (ऑपरेशन सिंदूर) और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच जब भी अमेरिकी 'एमएच-60आर हेलीकॉप्टर यानी सीहॉक' का नाम सामने आता है। तो सबके जेहन में अलकायदा के खूंखार आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को ढेर करने की कहानी गूंजने लगती है। क्योंकि सीहॉक अमेरिका के उसी ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर का समुद्री संस्करण है। जिसने 9/11 हमले के मुख्य आरोपी आतंकी लादेन को पाकिस्तान के एबटाबाद शहर में मार गिराने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत के संदर्भ में इसका जिक्र नौसेना से जुड़ा है। हमने अमेरिका से सीहॉक हेलीकॉप्टर की 2 स्क्वाड्रन खरीदी हैं। पहली 2024 में बल के कोच्चि स्थित गरुड़ नौसैन्य अड्डे पर तैनात की जा चुकी है। जबकि दूसरी मौजूदा दिसंबर महीने के दूसरे सप्ताह में नौसेना के गोवा स्थित आईएनएस हंसा अड्डे पर आधिकारिक रूप से कमीशन की जाएगी। इस बाबत आयोजित किए जाने वाले समारोह में नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शिरकत कर सकते हैं।



### 'सीकिंग' की जगह लेंगे 'सीहॉक'

गौरतलब है कि लॉकहीड मार्टिन (अमेरिका) कंपनी द्वारा निर्मित सीहॉक हेलिकॉप्टर नौसेना के पुराने हो चुके वेस्टलैंड सीकिंग हेलीकॉप्टरों की जगह लेंगे। जो 1971 से समुद्री सेना के बेड़े में राष्ट्र रक्षा का दायित्व निभा रहे हैं। वर्ष 2020 में 24 एमएच-60आर हेलीकॉप्टरों की खरीद को लेकर भारत और अमेरिका की सरकारों (जी-टू-जी) के बीच कुल करीब 15,157 करोड़ का एक समझौता हुआ था। जिसके तहत नौसेना को अब तक 9 सीहॉक हेलीकॉप्टर सौंपे जा चुके हैं। जो उसके स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत के अलावा अन्य जंगी युद्धपोतों पर देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा के लिए चौबीसों घंटे मुस्तैदी के साथ तैनात हैं। समझौते के अगले साल 2021 में पहले दो एमएच-60आर हेलीकॉप्टर नौसेना को अमेरिका से मिले थे। 2023 तक छठा हेलीकॉप्टर उसके बेड़े का हिस्सा बन गया।

### यह है खासियत

*एमएच-60आर हेलीकॉप्टर हर मौसम में हवाई अभियान चलाने में सक्षम है। इसका इस्तेमाल नौसना द्वारा हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाकर उन्हें नष्ट करने के लिए किया जाएगा। बल की तकनीकी भाषा में इसे एंटी-सबमरीन वारफेयर (एएसडब्ल्यू) और एंटी सरफेस वारफेयर (एएसयूडब्ल्यू) कहा जाता है। इसके अलावा इन्हें बड़े पैमाने पर राहत-बचाव कार्यों, रात्रिकालीन खोज और बचाव अभियानों के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। क्योंकि ये हेलीकॉप्टर नाइट विजन गॉगल्स और फॉरवर्ड लुकिंग इन्फ्रारेड सुविधाओं से लैस हैं। बीते महीने 28 नवंबर को भारत ने अमेरिका के साथ 24 सीहॉक हेलीकॉप्टरों के बेड़े के पांच साल के सतत समर्थन के लिए 7 हजार 995 करोड़ के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अनुबंध में हेलीकॉप्टरों के लिए फॉलो-ऑन सप्लाई और उससे जुड़ा पैकेज शामिल है।*

# नेशनल हेराल्ड में नई एफआईआर उत्पीड़न की राजनीति : सिंघवी

कांग्रेस चेयरपर्सन सोनिया गांधी व एलओपी राहुल गांधी पर हुई है फिर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से सोनिया गांधी और राहुल गांधी के ख़िलाफ़ एक और एफ़आईआर दर्ज किए जाने पर कांग्रेस पार्टी ने इसे राजनीतिक अमलीजामा पहनाते हुए इसे प्रतिशोध और उत्पीड़न की कार्रवाई करार देने में देरी नहीं की। एफआईआर दर्ज किया जाने को मोदी सरकार द्वारा असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने की रणनीति का हिस्सा भी बताया है। पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अभिषेक मनु



सिंघवी ने बताया कि उन्होंने चार महीने पहले यह दलील दी थी कि जब इस मामले में कोई सरकारी शिकायत है ही नहीं तो ईडी की भूमिका बनती ही नहीं है। कोर्ट का निर्णय अभी तक सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि इसी कानूनी कमजोरी को दूर करने के लिए जल्दबाजी में यह नई एफआईआर दर्ज की गई है।

### मनी लॉन्ड्रिंग का सवाल ही नहीं उठता

सिंघवी ने नेशनल हेराल्ड प्रकाशित करने वाली कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड के इतिहास को बताते हुए उसके वित्तीय पुनर्गठन की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने यह भी बताया कि यंग इंडियन को एजेएल का ऋण हस्तांतरित कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप 'यंग इंडियन' के पास एजेएल की 99 प्रतिशत शेयर होल्डिंग आ गई। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि नॉट फॉर प्रॉफिट कंपनी होने के नाते, 'यंग इंडियन' न तो कोई लाभ कमा सकती है और न ही इसके निदेशकों को कोई वेतन या भत्ता मिलता है।

# केरल सीएम पिनाराई को ईडी का नोटिस

**तिरुवनंतपुरम।** ईडी ने केआईआईएफबी मसाला बॉन्ड मामले में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इसाक और मुख्यमंत्री के चीफ प्रिंसिपल सेक्रेट्री के एम अब्राहम को 466 करोड़ रुपए का विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# केआईआईटी में एक छात्र का सुसाइड

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी का फर्स्ट ईयर का एक स्टूडेंट अपने हॉस्टल के कमरे में मरा हुआ मिला। इस साल यह तीसरी ऐसी घटना है। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने बताया कि मरने वाले की पहचान छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के रहने वाले राहुल यादव के तौर पर हुई है, जो प्राइवेट इंस्टीट्यूट में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था।

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / दी.क्षे. / जीएम / भू.-रा. / 2025 / 461 दिनांक 29.11.2025

**आम सूचना**

केन्द्रीय सरकार द्वारा कोयला क्षेत्र (अर्जन एवं विकास) अधिनियम, 1957 की धारा 9 की उपधारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ग्राम रेंकी (भाग), हरदीबाजार (भाग), कटकीडबरी (भाग) एवं नवापारा (भाग) की कुल 607.118 हेक्टेयर (लगभग) भूमि को अधिसूचना क्रमांक 5445 (अ) दिनांक 26.11.2025 के माध्यम से अर्जित किया गया है। उक्त अर्जित भूमि पर स्थित मकानों एवं अन्य परिसंपत्तियों का सर्वेक्षण धारा 9 (i) के पश्चात् एसईसीएल दीपका क्षेत्र द्वारा ड्रोन सर्वे के माध्यम से कराकर राज्य शासन को उपलब्ध करा दिया गया है। अतः अर्जित भूमि के सभी भूस्वामियों एवं मकान-मालिकों को सूचित किया जाता है कि- धारा 9(i) के उपरांतः - किसी भी प्रकार का नया निर्माण, नवनिर्माण / पुनर्निर्माण, परिसंपत्तियों का विस्तार, तथा भूमि की खरीद-फरोख्त एवं नामांतरण काननून प्रतिबंधित है और ऐसे सभी कार्य अवैध माने जाएंगे। अवैध रूप से किए गए निर्माण या भूमि की खरीद-फरोख्त एवं नामांतरण पर किसी भी प्रकार का मुआवजा देय नहीं होगा। यह सूचना जनहित एवं विधि संगत कार्यवाही हेतु जारी की जाती है।

क्षेत्रीय महाप्रबंधक, एसईसीएल, दीपका क्षेत्र

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने वाके मौजा-भठेली, प.ह.नं. - 00015, रा.नि.मं. - कुरूद तहसील कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.) स्थित सिंचित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः - 1197, 1198/2, 1200/1 रकबा क्रमशः 0.3000, 0.3200, 0.3600 हेक्टेयर भूमि विक्रेतागण गोपाल राम साहू, ओम प्रकाश साहू, मोती राम साहू, एवं राजेन्द्र प्रसाद साहू सभी पिता स्व. रामेश्वर साहू सभी निवासी- गांधी चौक, डुण्डा रायपुर छ.ग. के नाम पर छ.ग. के राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन कर लिया गया है, और अग्रिम प्रतिफल राशि का भुगतान भी कर दिया गया है, विक्रय विलेख का पंजीयन किया जाना शेष है।

अतएव उक्त संव्यवहार से किसी भी निम्न किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय, निकाय, वित्तीय संस्थाए इत्यादी किसी भी प्रकार का स्वामित्व संबंधि आपत्ति हो तो मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकते है समयावधि व्यतीत होने के उपरांत मेरा पक्षकार विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन के लिए अग्रसर होगा। पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।

सो सूचना जाने

रायपुर छ.ग.
दिनांक-01/12/2025

ख़िलेश्वर साहू (अधिवक्ता)
निवास / कार्यालय बिझवारिन चौक, शीतला मंदिर के पास, केनाल रोड, लालपुर, रायपुर (छ.ग.) 492015
मो. नं. - 9098535294

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

# वक्फ संपत्ति के विवरण अपलोड करने की समयसीमा बढ़ाने से सुप्रीम इंकार

उम्मीद पोर्टल में करना है अपलोड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 'उम्मीद' पोर्टल पर 'वक्फ बाय यूजर' सहित सभी वक्फ संपत्तियों के अनिवार्य पंजीकरण के लिए समय बढ़ाने से इनकार कर दिया। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे समय सीमा से पहले संबंधित न्यायाधिकरणों से संपर्क करें। बेंच ने कहा, 'हमारा ध्यान धारा 3बी के प्रावधान की ओर आकर्षित किया गया है। चूंकि आवेदकों के पास न्यायाधिकरण के समक्ष उपाय उपलब्ध है इसलिए हम सभी आवेदनों का निपटारा करते हुए उन्हें छह महीने की अवधि की अंतिम तिथि तक न्यायाधिकरण का रुख करने की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं।' ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अलावा ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन नेता असदुद्दीन ओवैसी और कई अन्य ने सभी वक्फ संपत्तियों के अनिवार्य पंजीकरण के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है।



### महत्वपूर्ण प्रावधानों पर रोक

उच्चतम न्यायालय ने 15 सितंबर को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ महत्वपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगा दी, जिनमें यह भी शामिल है कि केवल वे लोग ही किसी संपत्ति को वक्फ के रूप में दे सकते हैं जो पिछले पांच साल से इस्लाम का पालन कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि केंद्र ने दुरुपयोग को देखते हुए 'वक्फ बाय यूजर' प्रावधान को हटा दिया और प्रत्याशित रूप से यह 'मनमाना' नहीं था। 'वक्फ बाय यूजर' से आशय ऐसी संपत्ति से है, जहां किसी संपत्ति को औपचारिक दस्तावेज के बिना भी धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए उसके दीर्घकालिक उपयोग के आधार पर वक्फ के रूप में मान्यता दी जाती है, भले ही मालिक द्वारा वक्फ की औपचारिक, लिखित घोषणा न की गई हो।

**छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक**
क्षेत्रीय कार्यालयः चैनल इंडिया बिल्डिंग, पी.जी. कांलेज के सामने, चित्रकूट रोड, धरमपुरा न.- 02, जगदलपुर जिला- बस्तर, छ.ग.
Mob.: 6232032491, 6232032492 Tollfree : 1800-233-2300 Pin : 494001 Email: adm.ro.jag@cgbank.in Web:www.cgbank.in

**नियम 8 (1) कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति)** दिनांक - 02/12/2025, स्थान- जगदलपुर


जबकि (Whereas) वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूत हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13 (2) सहपठित प्रतिभूति - हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी ने मांग सूचना पत्र जारी किया था, जिसमे निम्नलिखित उधार लेने वालों को उल्लेखित राशि ब्याज सहित नोटिस पावती की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा गया था -

| क्र. | ऋणी का नाम एवं जमानतदार का नाम, शाखा का नाम | अचल सम्पति का विवरण | मांग सूचना एवं राशि (रु. में) | अधिपत्य की तिथि व प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋणीः- 1) श्री रायधर कश्यप पिता श्री सुकरू राम कश्यप, जमानतदारः- श्री राजेन्द्र कुमार निर्मलकर, ग्राम छिंदगढ़, जिला - सुकमा, शाखा :- छिंदगढ़, मोबाईल - 6232032460 | श्री रायधर कश्यप की बंधक संपत्ति (भूमि / भवन) का विवरण : मौजा :- खसरा क्र. 589/2, प.ह.न. 11, वार्ड नं. 11, गाँधी चौक ग्राम छिंदगढ़, पोस्ट - छिंदगढ़, जिला सुकमा, (छ.ग.) कुल क्षेत्रफलः- 3920 वर्गफीट, चौहद्दी :- उत्तर - रोड, दक्षिण - ख. न. 579 (धनसाय डेरहा), पूर्व -श्याम रतन दीवान का मकान, पश्चिम - रामफेर का प्लाट | दिनांक 21/07/2025, राशि रू. 1996322/- + ब्याज + अन्य व्यय | 26/11/2025, सांकेतिक |

उपरोक्तानुसार उल्लेखित ऋणीयों द्वारा राशि भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणीयों को और आम जनता को एतत द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) के तहत उक्त पठित नियम हस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्तानुसार वर्णित संपत्ति को आधिपत्य की तिथि को अपने कब्जे में ले लिया है। ऋणीयों को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतत द्वारा सावधान किया जाता है कि उक्त संपत्ति के बाबत किये गए कोई भी व्यवहार पर छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के उपरोक्त राशि एवं उस पर ब्याज के अधीन भार (CHARGE) होगा।

प्राधिकृत अधिकारी
छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

## शब्द पहेली - 6065



**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम,नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा,गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की, पुत्री,बेटी -2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा,कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

### शब्द पहेली- 6064 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | प | रा | या | प | न | ■ | म | च | ल | ना |
| सां | ग | ■ | च | ■ | का | ली | न | ■ | त | ट |
| ब | ■ | त | क | रा | र | ■ | का | ल | ■ | की |
| ला | चा | र | ■ | ■ | दे | श | ■ | त | न | य |
| प | ■ | ती | ■ | पा | ना | ■ | गा | ■ | क | ■ |
| न | क | ब | ज | न | ■ | चा | ल | च | ल | न |
| ■ | हा | ■ | मा | ■ | च | र | ■ | ह | ■ | म |
| म | र | ना | ■ | द | म | ■ | ■ | क | स | क |
| र | ■ | श | क | ■ | क | रा | ह | ना | ■ | या |
| दू | ब | ■ | ल | बा | दा | ■ | रा | ■ | या | त्रा |
| द | या | क | र | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 6075

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6074 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# एक लाख तक की धनराशि पर सभी बैंक समान ब्याज देंगे, अधिक पर अलग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- एक लाख से अधिक धनराशि खाते में होने पर अलग-अलग ब्याज दर लागू कर सकते हैं

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देशभर के व्यावसायिक बैंकों के लिए जमा खाता की ब्याज दर से जुड़े नए नियम जारी किए हैं। इसके तहत बचत खाते में एक लाख रुपए तक की धनराशि पर सभी बैंक एक समान दर से ब्याज देंगे।

एक लाख रुपए से अधिक की धनराशि खाते में होने पर अलग-अलग ब्याज दर लागू कर सकते हैं। मौजूदा नियमों के हिसाब से बैंक बचत खाते में जमा धनराशि पर अलग-अलग दर से ब्याज देते हैं, लेकिन अब आरबीआई ने उसे दो हिस्सों में बांट कर ब्याज निर्धारित करने का निर्देश दिया है। ब्याज हर दिन के अंत के खाते में जमा रकम के हिसाब से लगेगा। बैंकों को ब्याज तीन महीने में एक बार खाते में जमा कराना होगा। आरबीआई ने कहा कि इन नियमों का उद्देश्य ग्राहक हितों की सुरक्षा, पारदर्शिता और बैंकिंग व्यवस्था में एकरूपता लाना है।

## रिजर्व बैंक का एफडी, जमा खातों पर ब्याज दरों को लेकर निर्देश जारी, नियम भी बदले



***जितने दिन बैंक में पैसा रहेगा उतने दिन का ब्याज मिलेगा***

*नए नियमों में न्यूनतम अवधि पूरी होने पर एफडी तोड़ी जाती है तो बैंक आपको वही ब्याज देगा, जो उस अवधि के लिए लागू है। यानी जितने समय तक पैसा बैंक में रहा, इस अवधि का ही ब्याज मिलेगा। पहले से तय की गई ऊंची ब्याज दर लागू नहीं होगी। यही नहीं, नए नियमों में यह भी जोड़ा गया है कि अगर किसी एफडी की मेच्योरिटी पीरियड गैर-कारोबारी दिन पर पड़ती है, तो ग्राहक को उस दिन का भी ब्याज मिलेगा और बैंक अगले कार्यदिवस को भुगतान करेगा।*

***बैंकों को स्पष्ट करने होंगे नियम :*** *नए नियमों के अनुसार, अब बैंकों को एफडी से जुड़े सभी नियम ग्राहकों को पहले से स्पष्ट रूप से बताने होंगे। मसलन, एफडी की न्यूनतम अवधि की सीमा कितनी है। यदि इससे पहले एफडी तोड़ने हैं तो कितना जुर्माना लगेगा। जुर्माना की रकम बैंक खुद तय कर सकते हैं।*

***बैंक यह नहीं कर सकेंगे :*** *आरबीआई ने नए नियमों के तहत स्पष्ट किया है कि जमा कराने पर लॉटरी, इनाम, विदेश यात्रा जैसी स्कीम नहीं दे सकेंगे। जमा के बदले किसी एजेंट को अवैध कमीशन नहीं दे सकेंगे। सिर्फ कंपाउंड ब्याज दिखाकर भ्रामक विज्ञापन भी नहीं करेंगे। कुछ संस्थाओं और राजनीतिक पार्टियों को सेविंग अकाउंट खोलने की अनुमति नहीं।*

***सभी शाखाओं में एक जैसी दरें :*** *सभी शाखाओं में एफडी की दरें एक ही तरह की लागू होंगी। ग्राहकों और बैंक के बीच ब्याज दर पर कोई मोलभाव नहीं होगा। हालांकि, बड़े जमा यानी तीन करोड़ रुपए या उससे अधिक की एफडी पर अलग ब्याज दरें लागू हो सकती हैं।*

### न्यूनतम अवधि से पहले एफडी तोड़ने पर ब्याज नहीं

आरबीआई ने बचत, चालू बैंक खाते समेत सावधि जमा (एफडी) और ओवरड्यू एफडी समेत अन्य नियमों में कई अहम बदलाव किए हैं। इसके मुताबिक, बैंक द्वारा तय न्यूनतम अवधि से पहले एफडी तोड़ने पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा। आरबीआई ने एफडी की न्यूनतम मानक अवधि सात दिन की है, लेकिन बैंक अपने मुताबिक इसे अधिक न्यूनतम अवधि तय कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### मारुति के नवंबर बिक्री में 26 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया की नवंबर में कुल वाहन बिक्री सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़कर 2,29,021 इकाई हो गई। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 1,81,531 वाहन बेचे थे। घरेलू थोक बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 1,70,971 इकाई हो गई जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 1,41,312 इकाई थी।

### किआ इंडिया की बिक्री में 24 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी किआ इंडिया की नवंबर में बिक्री सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 25,489 इकाई हो गई। कंपनी ने नवंबर, 2024 में 20,600 इकाइयां बेची थीं। किआ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल सूद ने बयान में कहा, ''नवंबर में अब तक का हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भारतीय उपभोक्ताओं के बीच किआ को लेकर बढ़ते आकर्षण का प्रमाण है।

### टोयोटा की बिक्री सालाना आधार पर 19 फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की थोक बिक्री नवंबर में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 30,085 इकाई हो गई। कंपनी ने नवंबर 2024 में 25,182 इकाइयां बेची थीं। सरकार के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े सुधारों से त्योहारों के दौरान अच्छी बिक्री के दम पर हम 19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मजबूत गति देख रहे हैं।

### हुंडई मोटर की नवंबर में बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया ने सोमवार को बताया कि इस साल नवंबर में उसकी कुल बिक्री सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 66,840 इकाई हो गई। पिछले साल नवंबर में कंपनी ने अपने डीलरों को 61,252 इकाइयां भेजी थीं।कंपनी की बिक्री घरेलू बाजार में 50,340 इकाई रही, जबकि नवंबर, 2024 में यह आंकड़ा 48,246 इकाई था।

### महिंद्रा की वाहन बिक्री नवंबर में 19 फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा की नवंबर में कुल बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 92,670 इकाई हो गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बयान में कहा कि यात्री वाहन खंड में कंपनी ने घरेलू बाजार में 56,336 वाहन बेचे, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 46,222 वाहनों की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है।

### बजाज ऑटो की दोपहिया बिक्री एक प्रतिशत घटी



**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो की नवंबर में घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर एक प्रतिशत घटकर 2,02,510 इकाई रह गई। नवंबर 2024 में यह 2,03,611 इकाई थी। निर्यात सहित वाहनों की कुल थोक बिक्री नवंबर में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 4,53,273 इकाई हो गई। पिछले साल नवंबर में 4,21,640 वाहन बेचे गए थे। कुल घरेलू बिक्री नवंबर में तीन प्रतिशत बढ़कर 2,47,516 इकाई हो गई जबकि पिछले साल इसी महीने में 2,40,854 वाहन बिके थे।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किए आंकड़े

# औद्योगिक उत्पादन अक्टूबर में 0.4 फीसदी बढ़ा, 13 महीने का निचला स्तर

- आईआईपी की वृद्धि दर सालाना आधार पर घटी
- विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 1.8 प्रतिशत पर आ गई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विनिर्माण, खनन एवं बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से अक्टूबर महीने में देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि सुस्त पड़कर 13 महीनों के निचले स्तर 0.4 प्रतिशत पर आ गई। सोमवार को आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में वृद्धि दर सालाना आधार पर घटी है। एक साल पहले की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन 3.7 प्रतिशत बढ़ा था।

आईआईपी का पिछला निचला स्तर सितंबर, 2024 में दर्ज किया गया था जब यह स्थिर रहा था। इसके साथ ही एनएसओ ने सितंबर, 2025 के आंकड़ों को संशोधित करते हुए वृद्धि दर को चार प्रतिशत से बढ़ाकर 4.6 प्रतिशत कर दिया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर महीने में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 1.8 प्रतिशत पर आ गई, जबकि साल भर पहले यह 4.4 प्रतिशत रही थी।

### पूंजीगत उत्पाद खंड में हुई वृद्धि

विनिर्माण क्षेत्र में शामिल 23 में से नौ उद्योग खंडों ने अक्टूबर महीने में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, पूंजीगत उत्पाद खंड में 2.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 2.9 प्रतिशत थी।

### टिकाऊ उपभोक्ता खंड में आई गिरावट

टिकाऊ उपभोक्ता खंड में आलोच्य माह के दौरान 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसमें 5.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। अक्टूबर, 2025 में गैर-टिकाऊ उपभोक्ता खंड में उत्पादन 4.4 प्रतिशत गिर गया जबकि एक साल पहले इसमें 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।



***प्राथमिक वस्तुओं का उत्पादन घटा :*** *ढांचागत क्षेत्र/ निर्माण उत्पादों के खंड में उत्पादन बढ़कर 7.1 प्रतिशत हो गया जबकि पिछले साल की समान अवधि में 4.7 प्रतिशत बढ़ोतरी रही थी। आंकड़ों से यह भी पता चला कि प्राथमिक वस्तुओं का उत्पादन अक्टूबर माह में 0.6 प्रतिशत घटा है जबकि एक साल पहले यह 2.5 प्रतिशत बढ़ा था।*

### खनन क्षेत्र में 1.8 फीसदी की गिरावट

आलोच्य महीने में खनन क्षेत्र के उत्पादन में 1.8 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 0.9 प्रतिशत बढ़ा था। इस दौरान बिजली उत्पादन में भी 6.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि पिछले साल यह दो प्रतिशत बढ़ा था। इसके साथ वित्त वर्ष 2025-26 के पहले सात महीनों (अप्रैल-अक्टूबर) में देश के औद्योगिक उत्पादन में कुल 2.7 प्रतिशत प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह चार प्रतिशत थी।

### *पीएमआई नौ महीने के निचले स्तर पर*

*भारत की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां नवंबर में नौ महीने के निचले स्तर पर आ गईं। चुनौतीपूर्ण बाजार स्थितियों की खबरों के बीच बिक्री एवं उत्पादन में धीमी वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अक्टूबर के 59.2 से नवंबर में 56.6 पर आ गया।*

### *नए निर्यात आर्डर कम गति से बढ़े*

*इसमें कहा गया कि कंपनियों ने हालांकि सुझाव दिया कि अंतरराष्ट्रीय बिक्री का रुझान अनुकूल बना हुआ है जो अफ्रीका, एशिया, यूरोप और पश्चिम एशिया में ग्राहकों को अधिक बिक्री को दर्शाता है। दूसरी ओर समग्र वृद्धि की गति में मामूली गिरावट आई है। नये निर्यात ऑर्डर औसतन एक वर्ष से अधिक समय में सबसे कम गति से बढ़े हैं।*

### *अमेरिकी शुल्क के कारण विनिर्माण विस्तार धीमा रहा*

*यह फरवरी के बाद से परिचालन स्थितियों में सबसे धीमी गति का संकेत देता है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' नवंबर के पीएमआई आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि अमेरिकी शुल्क के कारण विनिर्माण विस्तार धीमा हुआ है।''*

# कमजोर डॉलर से सोना 3,040 रुपए उछला और चांदी 5,800 रुपए चढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना मजबूत वैश्विक संकेत से बढ़कर 1.33 लाख प्रति 10 ग्राम
- चांदी पांचवें दिन चढ़कर 1,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई

मजबूत वैश्विक रुख और कमजोर डॉलर के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 3,040 रुपये उछलकर 1,33,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं।

शादियों के मौसम के बीच आभूषणों की सतत मांग के कारण कीमती धातु को समर्थन मिला। इस दौरान 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,040 रुपये बढ़कर 1,32,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। व्यापारियों ने कहा कि सोना अब अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 1,34,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (99.9 प्रतिशत शुद्धता) और 1,34,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (99.5 प्रतिशत शुद्धता) के करीब पहुंच रहा है। ''सोने ने पिछले हफ्ते की तेजी को आगे बढ़ाया, जिसे डॉलर के कमजोर होने, अगले हफ्ते फेडरल रिजर्व के द्वारा ब्याज दर कटौती की बढ़ती उम्मीदों, बड़े बैंकों के अच्छे अनुमानों और सेंट्रल बैंक की लगातार मजबूत खरीदारी से समर्थन मिला, ये सभी बाजार को ऊपर ले जाने में मदद कर रहे हैं।

### सोना साल के शुरू से अब तक 63.6 फीसदी बढ़ा

साल की शुरुआत से सोने की कीमत 63.6 प्रतिशत बढ़ गई है। लगातार छठे दिन बढ़ते हुए, हाजिर चांदी दो प्रतिशत बढ़कर वैश्विक बाजारों में 57.85 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई। पिछले हफ़्ते चांदी 15.7 प्रतिशत उछली और 2025 में अब तक दोगुनी गई गई।

### चांदी की कीमत सिर्फ 11 महीने में दोगुनी हुई

ऑगमोंट में शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा, ''चांदी की कीमत सिर्फ़ 11 महीनों में लगभग दोगुनी हो गई है और सोने से ज्यादा बढ़ी है, भले ही वर्ष 2025 में सोना सबसे लोकप्रिय जिंस था।''

# नवंबर में जीएसटी संग्रह 1.7 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह नवंबर में सालाना आधार पर केवल 0.7 प्रतिशत बढ़कर 1.70 लाख करोड़ रुपये रहा जो पिछले एक साल का निचला स्तर है। अधिकांश उत्पादों एवं सेवाओं पर कर दरों में कटौती के बावजूद खपत में सुधार जारी है। सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

सरकार ने 22 सितंबर से जीएसटी की पांच और 18 प्रतिशत की केवल दो कर दरें ही लागू की थीं। हालांकि, विलासिता एवं हानिकारक वस्तुओं पर 40 प्रतिशत कर की एक विशेष दर भी तय की गई है। कर दरों में कटौती और त्योहारी मौसम में जबर्दस्त खरीदारी से अक्टूबर में जीएसटी संग्रह बढ़ा था। इस लिहाज से नवंबर के आंकड़े त्योहारी मौसम बीतने के बाद भी खपत में आई तेजी को दर्शाते हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में कुल जीएसटी संग्रह (बिना उपकर के) 1.70 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के समान महीने में 1.69 लाख करोड़ रुपये से मामूली वृद्धि दर्शाता है। हालांकि, अक्टूबर महीने के 1.96 लाख करोड़ रुपये संग्रह से यह काफी कम है। लेकिन अक्टूबर के आंकड़ों में क्षतिपूर्ति उपकर भी शामिल थे। उपकर को शामिल किए जाने पर नवंबर का कुल कर संग्रह 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा लेकिन यह नवंबर, 2024 के 1.82 लाख करोड़ रुपये से 4.22 प्रतिशत कम है। जीएसटी की नई व्यवस्था लागू होने के बाद से क्षतिपूर्ति उपकर सिर्फ तंबाकू एवं पान मसाला उत्पादों पर ही लगता है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि नवंबर के जीएसटी संग्रह आंकड़े तैयार करते समय उपकर को शामिल नहीं किया गया है।

### जीएसटी कटौती का असर सकारात्मक

एक सूत्र ने कहा कि कंपनियों की तरफ से दाखिल जीएसटी रिटर्न में कर-योग्य आपूर्ति का मूल्य सालाना आधार पर बढ़ने से एक आशावादी रुझान झलकता है। सूत्र ने कहा, ''बढ़ी खपत दर्शाती है कि जीएसटी कटौती का असर सकारात्मक है। इसी वजह से हमें भरोसा है कि यह कर सुधार न सिर्फ अभी के लिए टिकाऊ रहेगा, बल्कि आने वाले समय में भी इसका अर्थव्यवस्था पर कई गुना बड़ा सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।''

# कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल को मिला वैश्विक सम्मान



**मुंबई।** कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित जॉइंट कमीशन इंटरनेशनल (जेसीआई) द्वारा इंटरनेशनल हॉस्पिटल फेडरेशन के जिनेवा सस्टेनेबिलिटी सेंटर के सहयोग से दिए जाने वाले 'सर्टिफिकेट ऑफ डिस्टिंक्शन' प्राप्त किया है। इस सम्मान के साथ यह अस्पताल हेल्थकेयर सस्टेनेबिलिटी के कठोर वैश्विक मानकों को पूरा करने वाला भारत का पहला और दुनिया का पांचवां अस्पताल बन गया है। यह उपलब्धि अस्पताल की पर्यावरण-अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं और जिम्मेदार संचालन के प्रति उसकी अग्रणी सोच को दर्शाती है। अस्पताल के सीईओ और कार्यकारी निदेशक डॉ. संतोष शेट्टी ने कहा कि यह सर्टिफिकेशन इस विश्वास को मजबूत करता है कि स्थिरता बेहतर क्लिनिकल परिणाम और मजबूत संचालन सुनिश्चित करती है। उनका 2030 सस्टेनेबिलिटी रोडमैप ऊर्जा दक्षता, जल प्रबंधन और कम उत्सर्जन आधारित ढांचे पर केंद्रित है।

# रुपया आठ पैसे टूटकर 89.53 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे टूटकर 89.53 (अस्थायी) पर बंद हुआ। गिरावट का कारण डॉलर की मज़बूत बाजार मांग है। बढ़ते व्यापार घाटे, भारत-अमेरिकी व्यापार सौदे में देरी और केन्द्रीय बैंक के सीमित दखल की वजह से है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 89.45 पर खुला, फिर अपनी पकड़ खो दी और दिन के कारोबार में डॉलर के मुकाबले 89.79 (अस्थायी) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया, जो पिछले बंद स्तर से 34 पैसे की गिरावट है।

# शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आया

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- वित्तीय शेयरों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स 65 अंक नुकसान में

स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद अंत में मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। उच्चस्तर पर मुनाफावसूली और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से दोनों मानक सूचकांक... बीएसई सेंसेक्स में 65 अंक की गिरावट आई जबकि एनएसई निफ्टी 27 अंक के नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाकर 64.77 अंक की गिरावट के साथ 85,641.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, सूचकांक 452.35 अंक चढ़कर 86,159.02 अंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी 27.20 अंक की गिरावट के साथ 26,175.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 122.85 अंक चढ़कर 26,325.80 अंक के अबतक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। विशेषज्ञों के अनुसार, दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर जीडीपी वृद्धि के बाद इस सप्ताह आरबीआई के प्रमुख ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कम होने से बाजार में उच्चस्तर पर गिरावट देखी गई।

## एसडब्लूआरईएल को अदाणी ग्रीन से मिला 1,381 करोड़ का ठेका




**नई दिल्ली।** स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एसडब्ल्यूआरईएल) को गुजरात में अदाणी ग्रीन एनर्जी से करीब 1,381 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। एसडब्लूआरईएल ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने गुजरात के खावड़ा अक्षय ऊर्जा पार्क में आने वाली तीन सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) से करीब 1,381 करोड़ रुपये का 'बैलेंस ऑफ सिस्टम' (बीओएस) ठेका हासिल किया है। खावड़ा अक्षय ऊर्जा पार्क दुनिया के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा केंद्रों में से एक है। स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी ग्रुप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (वैश्विक) चंद्र किशोर ठाकुर ने कहा, '' हमें अदाणी ग्रीन के साथ समझौते की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है...यह साझेदारी तेजी से बढ़ते भारतीय सौर बाजार में हमारे ईपीसी नेतृत्व को मजबूत करती है।''

## सेल में ई-कॉमर्स मंचों का रहा दबदबा

# ब्लैक फ्राइडे सेल में बिक्री सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़ी : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


- यह भारी छूट वाली बिक्री के लिए जानी जाती है

इस साल की 'ब्लैक फ्राइडे सेल' के दौरान ऑनलाइन खरीदारी में उल्लेखनीय तेजी दर्ज की गई है। ई-कॉमर्स मंचों को सॉफ्टवेयर सेवा प्रदाता यूनिकॉमर्स ने कहा है कि इस विशेष बिक्री सप्ताह के दौरान आने वाले ऑर्डर की संख्या सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़ गई है।

'ब्लैक फ्राइडे' अमेरिका में खरीदारी की एक सालाना परंपरा है जो 'थैंक्सगिविंग डे' के अगले दिन से शुरू होती है। यह भारी छूट वाली बिक्री के लिए जानी जाती है। भारत में भी पिछले कुछ वर्षों में ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते चलन के साथ ब्लैक फ्राइडे सेल की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है।

### सेहतमंद खाद्य उत्पाद ने सबसे तेज वृद्धि दर्ज की

यूनिकॉमर्स ने एक बयान में कहा कि ऑर्डर, स्टॉक और गोदाम प्रबंधन करने वाले उसके मंच 'यूनिवेयर' द्वारा प्रसंस्कृत आंकड़ों से पता चलता है कि इस वर्ष बिक्री की अवधि के दौरान जोरदार उछाल दर्ज हुआ। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) श्रेणी, विशेषकर सेहतमंद खाद्य उत्पाद, ने सबसे तेज 83 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की।




### *सौंदर्य व व्यक्तिगत देखभाल खंड में वृद्धि देखी गई*

*सौंदर्य एवं व्यक्तिगत देखभाल खंड में 77 प्रतिशत और घरेलू साजसज्जा खंड में 63 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। फैशन एवं संबद्ध उत्पादों की श्रेणी सबसे बड़े खंड के रूप में बनी हुई है जिसमें 34 लाख से अधिक ऑर्डर दर्ज किए गए। यूनिकॉमर्स ने कहा, ''इस साल का एक प्रमुख रुझान यह रहा कि ब्लैक फ्राइडे अब दो-तीन दिन के प्रचार का संक्षिप्त कार्यक्रम न होकर सप्ताह भर चलने वाला बड़ा आयोजन बन गया है।*

### पहले श्रेणी के शहरों में बिक्री 40 फीसदी रही

उपभोक्ता मांग में बढ़ोतरी के कारण ब्रांड और ऑनलाइन मंचों ने अपनी बिक्री योजनाएं पहले शुरू कीं, जिससे उत्पाद की खोजबीन और समय पर आपूर्ति योजना अधिक प्रभावी हो पाई।'' ग्राहक आधार में भी दिलचस्प बदलाव देखने को मिला। इसमें पहली श्रेणी के शहरों का कुल बिक्री में लगभग 40 प्रतिशत, दूसरी श्रेणी के शहरों का 23 प्रतिशत और तीसरी श्रेणी के शहरों का 37 प्रतिशत हिस्सा रहा।

### साइबर मंडे भी तेजी से लोकप्रिय हो रहा

कंपनी ने कहा कि ब्लैक फ्राइडे से ही जुड़ी ऑनलाइन-केंद्रित सेल 'साइबर मंडे' भी भारतीय उपभोक्ताओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। दोनों मिलकर देश में उभरते 'साइबर सप्ताह' की अवधारणा को आकार दे रहे हैं, जो ई-कॉमर्स कंपनियों की प्रचार रणनीतियों में महत्वपूर्ण स्थान बना चुकी है।

## कोल इंडिया के उत्पादन में 3.7% की गिरावट



**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कोयला उत्पादन चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान 3.7 प्रतिशत घटकर 45.35 करोड़ टन रह गया। सरकार देश में कोयला उत्पादन बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए कई कदम उठा रही है, इसके बावजूद यह गिरावट आई। देश के कुल कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रखने वाली कोल इंडिया ने पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 47.1 करोड़ टन का कोयला उत्पादन किया था।

# कोहली ने लगाया टेस्ट वापसी की अटकलों पर विराम, कहा-मैं सिर्फ एक ही फॉर्मेट खेल रहा हूं

एजेंसी ▶▶| रांची

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में अपनी टीम की जीत और मैच जिताऊ शतक के बाद, भारतीय बल्लेबाज़ विराट कोहली ने अपनी तैयारी और खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह ज़्यादा तैयारी में विश्वास नहीं रखते, बल्कि उनका सारा क्रिकेट मानसिक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह खेल का सिर्फ़ एक ही प्रारुप खेलेंगे। 2027 के वनडे विश्व कप से पहले अपने वनडे भविष्य को लेकर चल रही तमाम चर्चाओं के बीच विराट ने प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करना जारी रखा।

### आनंद के माहौल में रहना चाहता हूं: विराट

कोहली ने अपना 52वां वनडे शतक जड़ा और एक बल्लेबाज का एक ही प्रारुप में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया। 120 गेंदों में 11 चौकों और सात छक्कों की मदद से विराट ने 135 रन बनाए, जिससे यह हाल के दिनों में उनके सबसे यादगार शतकों में से एक बन गया। मैच के बाद की प्रस्तुति के दौरान बोलते हुए, विराट ने कहा कि वह आनंद के माहौल में रहना चाहते हैं। इस साल मई में संन्यास की घोषणा के बाद, घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 0-2 से मिली हार के बाद बीसीसीआई की ओर से उनसे टेस्ट क्रिकेट में वापसी का अनुरोध किए जाने की मीडिया रिपोर्टों के बीच, विराट ने स्पष्ट किया कि वह खेल का केवल एक ही प्रारुप खेल रहे हैं और यह इसी तरह चलता रहेगा।




### मेरा सारा क्रिकेट मानसिक

विराट ने कहा कि आज इस तरह से मैच में उतरना वाकई बहुत अच्छा लगा। पिच पहले 20-25 ओवरों में ठीक-ठाक खेली, फिर धीरे-धीरे धीमी पड़ने लगी। बस आनंद के माहौल में बने रहना था। बेशक, जब आपको शुरुआत मिलती है, आप स्थिति के अनुसार ढल जाते हैं, आपको पता होता है कि क्या करना है। अनुभव काम आता है। मैं कभी भी तैयारी में यकीन नहीं रखता। मेरा सारा क्रिकेट मानसिक रहा है। जब तक मेरा शारीरिक स्तर अच्छा है और मानसिक तीक्ष्णता है, तब तक सब ठीक है। मैंने मैच से पहले एक दिन की छुट्टी ली थी। मैं 37 साल का हूं और मुझे ठीक होने के लिए समय चाहिए।

### उत्साहित रहना जरूरी

विराट ने कहा कि ऐसा ही हमेशा होता है, मैं खेल का सिर्फ़ एक ही रूप खेल रहा हूं। अगर आपने 300 से ज़्यादा मैच और इतना क्रिकेट खेला है, तो आप जानते हैं कि जब आप अभ्यास में गेंदें मारते हैं तो आपको पता होता है कि रिफ़्लेक्सेस मौजूद हैं और लंबे समय तक बल्लेबाजी करने की शारीरिक क्षमता है। जब तक आप गेंद को अच्छी तरह से मार रहे हैं और अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं,तब तक शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से तैयार और उत्साहित रहना जरूरी है।

### कोहली की खेल के प्रति प्रतिबद्धता बेजोड़ : स्टेन



रांची। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि जहां 38 साल के अधिकतर खिलाड़ी घर से बाहर निकलने में कतराते हैं वहीं विराट कोहली की खेल के प्रति प्रतिबद्धता बेजोड़ है। टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले कोहली ने दिखाया कि वनडे क्रिकेट में अब भी उनका कोई सानी नहीं है। स्टेन ने कहा, 'जब आप 37 या 38 साल के अधिकतर खिलाड़ियों से बात करते हैं तो वे कहते हैं कि उन्हें घर, अपने कुत्ते, अपने बच्चों को छोड़ना पसंद नहीं है। लेकिन कोहली मानसिक रूप से ऐसी स्थिति में हैं, जहां वह पहले की तरह भारत के लिए खेलने के लिए उत्सुक हैं। आप इसे विकेटों के बीच दौड़, फ़ील्डिंग करते और डाइव लगाते हुए देख सकते हैं। वह मानसिक रूप से युवा और तरोताजा हैं और क्रिकेट में बने रहना चाहते हैं।' उन्होंने कहा,' कोहली ने पिछले 15-16 साल में 300 से अधिक वनडे खेले हैं इसलिए वह काफी अनुभव रखते हैं।

## खबर संक्षेप



### निखिल और अश्विनी ने जीती अहमदाबाद मैराथन

**अहमदाबाद।** निखिल सिंह और अश्विनी जाधव ने नौवीं अडानी अहमदाबाद मैराथन में पुरुष और महिला वर्ग की ओपन स्पर्धा जीतीं। इस मैराथन में विभिन्न श्रेणियों में 24,000 धावकों ने हिस्सा लिया। हाफ मैराथन (21 किमी) में धर्मेंद्र और फरहीन फिरदौस ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में जीत हासिल की। 10 किमी ओपन मैराथन में राजन यादव और नीता रानी विजेता रहीं। इस मैराथन की कुल पुरस्कार राशि 40 लाख रुपए से अधिक थी। इस प्रतियोगिता को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मान्यता हासिल है और यह 'एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस' (एआईएमएस) की वैश्विक मैराथन प्रतियोगिता में सूचीबद्ध है।

### इंडियन पिकलबॉल लीग शुरू, छह टीमें करेंगी ट्रॉफी के लिए स्पर्धा



**नई दिल्ली।** इंडियन पिकलबॉल लीग का सोमवार को आगाज हुआ, जिसमें छह टीमें खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। आयोजकों ने इस मौके पर पिकलबॉल को जबरदस्त क्षमता वाला खेल करार देते हुए इसे देश का एक प्रमुख खेल बनाने का वादा किया। खेल मंत्रालय के तहत भारतीय पिकलबॉल संघ (आईपीएस) की ओर से अनुमोदित और 'द टाइम्स समूह' की शुरू की गई इस लीग में छह फ्रेंचाइजी टीमें ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम के केडी जाधव इंडोर हॉल में इस ट्रॉफी का अनावरण किया। यह आयोजन सात दिसंबर को समाप्त होगा। इसमें बेंगलुरु ब्लास्टर्स, हैदराबाद रॉयल्स, चेन्नई सुपर वॉरियर्स, मुंबई स्मैशर्स, कैपिटल वॉरियर्स और लखनऊ लेपर्ड्स की टीमें शीर्ष पुरस्कार के लिए मुकाबला करेंगी।

### निशानेबाजी चैंपियनशिप में 16 हजार ने किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पिस्टल, राइफल और शॉटगन स्पर्धाओं में रिकॉर्ड 16 हजार से अधिक निशानेबाजों ने क्वालीफाई किया है। सोमवार से शुरू हुई वार्षिक प्रतियोगिता के पिछले सत्र में 13500 से अधिक निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था। शॉटगन स्पर्धाओं की शुरुआत सोमवार को तुगलकाबाद की कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर हुई जबकि पिस्टल और राइफल स्पर्धाएं क्रमशः दिल्ली और भोपाल में 11 दिसंबर से शुरू होंगी। अगले एक महीने में तीनों स्पर्धाओं में सात वर्ग में प्रतिस्पर्धाएं होंगी, जिसमें सुपर मास्टर्स (70 वर्ष और इससे अधिक), सीनियर मास्टर्स (60 से 70 वर्ष), मास्टर्स (45 से 60 वर्ष), सीनियर (ओपन), जूनियर (21 वर्ष), युवा (19 वर्ष या पहले) और सब यूथ (16 वर्ष या पहले) वर्ग शामिल हैं।

प्रीमियर लीग : चेल्सी ने बनाया दबदबा, आर्सेनल के लिए खड़ी की मुश्किलें

# चेल्सी ने आर्सेनल को 1-1 से ड्रॉ पर रोका, कैसेडो को मिला रेड कार्ड


एजेंसी ▶▶| लंदन

प्रीमियर लीग में आर्सेनल ने चेल्सी के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। इस मुकाबले के शुरुआती आधे घंटे में चेल्सी ने दबदबा बनाए रखा। आर्सेनल होम टीम के लिए मुश्किलें खड़ी करती रहीं। इस दौरान ब्लूज ने कई मौके बनाए।

मुकाबले के 38वें मिनट में मोइसेस कैसेडो को मिकेल मेरिनो पर टैकल करने के लिए सीधे रेड कार्ड मिला। यहां से चेल्सी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना जारी रखा। इसके बावजूद ब्लूज ने आक्रामक खेल जारी रखा। ट्रेवोह चलोबा ने हाफ टाइम के ठीक बाद रीस जेम्स के कॉर्नर पर हेडर मारकर चेल्सी को मुकाबले के 48वें मिनट बढ़त दिलाई।

### आर्सेनल ने दिखाया तेज खेल, मेरिनो ने दागा गोल

यहां से आर्सेनल ने तेज खेल दिखाया और मुकाबले के 59वें मिनट में मिकेल मेरिनो ने गोल दागते हुए टीम को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। यह मुकाबले का अंतिम गोल साबित हुआ। आर्सेनल इस समय प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर है। इस टीम के पास 30 प्वाइंट्स हैं। वहीं, चेल्सी ने 24 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कब्जा जमा रखा है।



### लिवरपूल ने हासिल किया 8वां स्थान

लिवरपूल ने वेस्ट हैम पर 2-0 से जीत हासिल करते हुए 8वां स्थान हासिल किया। इस टीम के पास 21 अंक हैं। कोच आर्ने स्लॉट ने अपने कार्यकाल में पहली बार किसी लीग मैच में मोहम्मद सालाह को बेंच पर बैठाया। अलेक्जेंडर इसाक ने मुकाबले के 60वें मिनट में गोल करते हुए लिवरपूल को मुकाबले में 1-0 से आगे कर दिया था। मुकाबले के 84वें मिनट में लुकास पाक्वेटा को रेड कार्ड दिखाया गया। कोडी गैकपो ने स्टॉपेज टाइम में गोल दागकर आखिरकार लिवरपूल को 2-0 से आगे कर दिया।




### मैनचेस्टर यूनाइटेड ने क्रिस्टल पैलेस को हराया



एक अन्य मुकाबले के दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड ने क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। जीन-फिलिप माटेटा ने पहले हाफ में दो बार पेनल्टी लेकर पैलेस को लीड दिलाई। मुकाबले के 36वें मिनट में क्रिस्टल पैलेस ने 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले के 54वें मिनट में जोशुआ जिर्कजी ने गोल दागते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड को मुकाबले में बराबरी पर ला दिया और नौ मिनट के अंदर मैनचेस्टर ने बढ़त भी हासिल कर ली। मेसन माउंट ने 63वें मिनट में विजयी गोल दागा। मैनचेस्टर यूनाइटेड 21 प्वाइंट्स के साथ सातवें पायदान पर मौजूद है, जबकि क्रिस्टल पैलेस 20 अंकों के साथ नौवें स्थान पर है।

उपलब्धि

## वैक्स म्यूजियम में लगेगा हरमनप्रीत का स्टैच्यू



एजेंसी ▶▶| जयपुर

जयपुर वैक्स म्यूजियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के वैक्स स्टैच्यू को बनाने का काम शुरू हो गया है। हरमनप्रीत दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर होंगी, जिनका अपना वैक्स स्टैच्यू होगा। यह उपलब्धि क्रिकेट जगत में उनके असाधारण प्रभाव को दर्शाती है। म्यूजियम से जुड़ी एक टीम ने हाल ही में वनडे विश्व कप विजेता कप्तान हरमनप्रीत से मुलाकात की। टीम ने हाई-क्वालिटी तस्वीरें और वीडियो शूट किए, जो स्टैच्यू बनाने के लिए जरूरी रेफरेंस का काम करेंगे। म्यूजियम से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि डिटेल्ड सेशन के दौरान हरमनप्रीत बहुत विनम्र नजर आईं, उन्होंने इसके लिए टीम का सहयोग किया। हरमनप्रीत ने वैक्स फिगर बनाने के स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस को समझने में गहरी दिलचस्पी दिखाई। इस दौरान भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान ने म्यूजियम के खास आकर्षणों में से एक 'शीश महल' की भी तारीफ की। म्यूजियम के क्यूरेटर और फाउंडर अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि हरमनप्रीत इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साहित थीं। उन्होंने इसके लिए जयपुर वैक्स म्यूजियम का शुक्रिया अदा किया है। 300 साल पुरानी हेरिटेज साइट में बना जयपुर वैक्स म्यूजियम एक अनोखा सांस्कृतिक आकर्षण बना हुआ है, जिसमें इतिहास, कला और राष्ट्रीय गौरव का मेल है।

## महिला हॉकी टीम के कोच हरेंद्र सिंह ने दिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने 'निजी कारणों' का हवाला देकर तुरंत प्रभाव से पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने बताया, तोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही टीम के मुख्य कोच नीदरलैंड के शोर्ड मारिन की भारतीय टीम में इस पद पर वापसी हो सकती है। सूत्रों के अनुसार अचानक हुए घटनाक्रम में हरेंद्र सिंह ने हॉकी इंडिया को ईमेल भेजकर सूचित किया है कि वह तुरंत प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह विशुद्ध रूप से उनका 'निजी फैसला' है। सूत्रों ने बताया, मारिन की भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच के रूप



में वापसी हो सकती है जिनके मार्गदर्शक में भारतीय टीम तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रही थी । मारिन ने अगस्त 2021 में महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दिया था। अमेरिका में हॉकी टीम के कोच रहे हरेंद्र सिंह ने अप्रैल 2024 में ही पद संभाला था। इससे पहले वह लखनऊ विश्व कप 2016 विजेता जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच रहे थे।

एफआईएच जूनियर विश्व कप
**भारत ने पहले मैच में चिली को 7-0 से और फिर ओमान को 17-0 से हराया**

## स्विट्जरलैंड के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने कोशिश करेगा भारत

एजेंसी ▶▶| मदुरै

भारतीय टीम बेहतरीन फार्म में चल रही है लेकिन अभी तक उसे असली चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा है और ऐसे में वह मंगलवार को एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के नाकआउट चरण से पहले अपने अंतिम ग्रुप लीग मुकाबले में स्विट्जरलैंड के खिलाफ जीत की लय जारी रखने और अपने कमजोर पक्षों को दूर करने की कोशिश करेगी।

भारत और स्विट्जरलैंड दोनों ही पूल बी में दो-दो मैच जीतकर अजेय हैं, लेकिन भारतीय टीम बेहतर गोल अंतर के आधार पर तालिका में शीर्ष पर है। चेन्नई में पहले दो मैच में भारतीय टीम ने गोल की बरसात करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उसने पहले मैच में चिली को 7-0 से और फिर ओमान को 17-0 से हराया। दूसरी ओर स्विट्जरलैंड ने ओमान को 4-0 से हराया और फिर चिली पर 3-2 से जीत हासिल की।



### भारत करेगा बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश

भारतीय टीम से उम्मीद की जा रही है कि वह अपना विजय अभियान जारी रखकर नॉकआउट से पहले बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। लेकिन नॉकआउट चरण से पहले भारत के लिए कुछ चिंताएं बनी हुई हैं। पहले दो मैचों में भारतीय रक्षापंक्ति की ज्यादा परीक्षा नहीं हुई क्योंकि गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह और बिक्रमजीत सिंह को किसी तरह की खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। कप्तान रोहित की अगुवाई में रक्षापंक्ति भी टूर्नामेंट के अंतिम चरण में अधिक सक्रिय रहना चाहेगी।

हांगकांग मास्टर्स एशिया कप

### भारत का शानदार प्रदर्शन दोनों वर्गों में जीता गोल्ड



**नई दिल्ली।** भारत ने हांगकांग में आयोजित हांगकांग मास्टर्स एशिया कप 2025 में 40 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुष और महिला मास्टर्स वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। हांगकांग फुटबॉल क्लब पर 26 से 30 नवंबर तक हुई विश्व मास्टर्स हॉकी एशिया चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष टीम ने ग्रुप चरण में हांगकांग को 4-0 और 5-4 से तथा सिंगापुर को 4-0 और 3-2 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में भारत ने ग्रुप चरण में सिंगापुर को 7-2 से हराया जबकि हांगकांग से 1-1 से ड्रॉ खेला। न्यूजीलैंड के खिलाफ उसे 2-4 से पराजय झेलनी पड़ी लेकिन फाइनल में हांगकांग को 2-0 से हराकर खिताब जीता।

शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व रैंकिंग में बनाए रखा दबदबा

## लंदन चेस क्लासिक के को-लीडर बने ग्रैंडमास्टर प्रज्ञाननंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंद ने लंदन चेस क्लासिक ओपन 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए टूर्नामेंट के को-लीडर बन गए हैं। उन्होंने छठे राउंड तक 5/6 अंक हासिल किए हैं और इस समय सर्बिया के ग्रैंडमास्टर वेलिमिर इविक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### इस्राइल के इंटरनेशनल मास्टर रोजेन को हराया

प्रज्ञाननंद ने दिन की शुरुआत हंगरी के ग्रैंडमास्टर टामस फोडोस जूनियर के खिलाफ सिर्फ 21 चालों में ड्रॉ खेलकर की, लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए इस्राइल के इंटरनेशनल मास्टर एटन रोजेन को हराया। उनका अगला मुकाबला अब वेलिमिर इविक से होगा, जो टूर्नामेंट का निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है।



### विश्व रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों की स्थिति

ताजा फीडे दिसंबर 2025 रेटिंग सूची में प्रज्ञानानंदा ने कुछ रेटिंग अंक गंवाने के बावजूद अपनी विश्व नंबर 7 रैंकिंग बरकरार रखी है। वहीं, भारत के एक और युवा सितारे अरुण एरिगैसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6.4 ईएलओ अंक जोड़े और वह फिर से विश्व नंबर 5 पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश को विश्व कप 2025 के तीसरे दौर से बाहर होने के बाद रैंकिंग में गिरावट का सामना करना पड़ा और वह अब टॉप-10 में 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### टॉप 30 में पांच भारतीय

वर्तमान में विश्व के टॉप 30 खिलाड़ियों में केवल पांच भारतीय शामिल हैं। पेंटाला हरिकृष्णा ने विश्व कप में अपने करियर की बेहतरीन परफॉर्मेंस देते हुए 3 ईएलओ अंक जोड़े। वहीं प्रणव वेंकटेश ने भी स्थिर प्रदर्शन करते हुए अपनी रेटिंग बरकरार रखी।

### भारतीय महिला खिलाड़ियों में रैंकिंग बदलाव

महिला वर्ग में चार भारतीय खिलाड़ी टॉप-20 में बनी हुई हैं। हंपी कोनेरू बिना कोई मैच खेले ही विश्व नंबर 5 पर पहुंच गई हैं। वहीं दिव्या देशमुख रेटिंग में गिरावट के साथ विश्व नंबर 12 पर खिसक गई हैं। पद्मिनी राउत और सविता श्रीबी ने सकारात्मक प्रदर्शन करते हुए ईएलओ अंक हासिल किए हैं।

## सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गिल का फिटनेस आकलन, हार्दिक को मिली परमिशन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के उप कप्तान शुभमन गिल अनिवार्य फिटनेस आकलन के लिए बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पहुंचे। इस आकलन के नतीजे के आधार पर 9 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैच की श्रृंखला में उनकी वापसी पर फैसला किया जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी करते हुए गिल की गर्दन में चोट लगी थी और इसके बाद वह दूसरे टेस्ट और मौजूदा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में नहीं खेल पाए। अजित अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की खेल विज्ञान टीम से गिल की फिटनेस रिपोर्ट का इंतजार है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई)



के एक सूत्र ने बताया, 'गिल को इंजेक्शन लगाया गया था और उन्हें 21 दिन के आराम और रिहैबिलिटेशन की सलाह दी गई थी, जिसमें चोट से प्रभावित मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए विशिष्ट व्यायाम शामिल थे।' सूत्र ने कहा, 'ट्रेनिंग के दौरान खेल विज्ञान टीम के उनकी मूवमेंट का आकलन करने तक कुछ नहीं कहा जा सकता। यह भी नहीं पता कि बल्लेबाजी करते हुए वह बिल्कुल भी असहज नहीं है।' मौजूदा स्थिति को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए गिल की वापसी की संभावना 50 प्रतिशत है।




# 51 साल की महिला है प्रोफेशनल जलपरी, 4 मिनट तक पानी में रोक लेती है सांस



**लॉस एंजिल्स।** जब भी बच्चे मरमेड यानी जलपरी की कहानियां सुनते हैं, या उन्हें कार्टून में देखते हैं तो उन्हें लगता है कि वो हकीकत होती हैं और उनका मन करता है कि वो उनसे मिलें। पर सच तो आप भी जानते ही होंगे कि जलपरी सिर्फ कल्पना है। मगर एक महिला ने इस सपने को कुछ हद तक सच कर दिया है। वो एक प्रोफेशनल मरमेड बनने में कामयाब रही है और इसी काम की बदौलत नाम कमाया है। प्रोफेशनल मरमेड (जलपरी) बनने का सपना सुनने में भले ही किसी काल्पनिक कहानी जैसा लगे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में जन्मी हैना फ्रेज़र के लिए ये काल्पनिक कहानी सच हो चुकी है। हैना अब लॉस एंजेलिस और कोस्टा रिका के बीच रहती हैं। बचपन से ही हैना ने अपने भीतर समुद्र की ओर एक अजीब खिंचाव महसूस किया. वह बताती हैं कि बचपन से ही वो दोनों पैरों को साथ में जोड़कर तैरा करती थीं जैसे वो कोई जलपरी हों. यहां तक कि उनके शुरुआती स्टिक फिगर ड्रॉइंग्स में भी पूंछ होती थी।

## जलपरी बनने का किया निर्णय

9 साल की उम्र में जब उन्होंने फिल्म छप-छप देखी, तो उन्हें एहसास हुआ कि जलपरी बनना कोई कल्पना नहीं, बल्कि असलियत भी हो सकती है। अपनी मां की मदद से उन्होंने एक नारंगी प्लास्टिक टेबलक्लॉथ और तकिए की रूई से अपनी पहली पूंछ बनाई और महीनों तक उसे पहनकर तैरती रहीं। हालांकि उनका बचपन मेलबर्न, लॉस एंजेलिस और भारत जैसे शहरों में बीता, लेकिन समुद्र से दूर रहना हमेशा उन्हें खलता रहा। यही वजह थी कि वह कला के ज़रिये अपने सपने को जीवित रखती रहीं- मरमेड आर्ट बनाना, मॉडलिंग, कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग और फोटोग्राफी उनका शुरुआती करियर रहा।



## खुद के लिए बनवाई पूंछ

2002 में जीवन ने मोड़ लिया, जब उन्हें एक अंडरवॉटर फोटोशूट का मौका मिला। तस्वीरों ने उन्हें समझाया कि पानी ही उनका असली घर है। उन्होंने प्रोफेशनल मरमेड बनने का फैसला किया, जबकि उस समय बाजार में तैयार जलपरी पूंछ मिलती भी नहीं थी। उन्होंने महीनों की मेहनत से पहली असली पूंछ तैयार की। आज उनके पास 14 सिलिकॉन और 15 फैब्रिक टेल्स हैं, हर एक को बनाने में छह महीने से ज्यादा समय लगता है।

# अंतरिक्ष में चल रही है धरती के भविष्य की फैक्ट्री!

## आईएसएस से मिली रिसर्च ने आम इंसान की जिंदगी कैसे बदली?

वॉशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन ने पिछले 25 वर्षों में धरती पर विज्ञान और टेक्नोलॉजी को नए मुकाम तक पहुंचाया है। यह स्टेशन पृथ्वी की निचली कक्षा में एक प्रयोगशाला के रूप में काम करता है, जहां गुरुत्वाकर्षण की कमी के कारण ऐसे प्रयोग संभव हो पाए जो धरती पर करना मुश्किल होता है। इस दौरान यहां 4,000 से अधिक प्रयोग किए गए, जिनके नतीजे आज हमारे अस्पतालों, शहरों और खेतों में नजर आते हैं।

### हड्डियों और मांसपेशियों की सुरक्षा

माइक्रोग्रेविटी में हड्डियां और मांसपेशियां अलग तरीके से व्यवहार करती हैं। आईएसएस पर किए गए अध्ययन ने उम्र बढ़ने, हृदय पर दबाव और हड्डियों की कमजोरी जैसी समस्याओं को समझने में मदद की है। साथ ही मायोटोन नामक एक स्वास्थ्य उपकरण है, जो अंतरिक्ष यात्रियों की मांसपेशियों को मापने का काम करता है, अब धरती पर भी मांसपेशियों की समस्याओं का जल्दी पता लगाने में काम आता है। इसके अलावा, छोटे अल्ट्रासाउंड सिस्टम्स का परीक्षण भी यहां हुआ था। जो अब आपातकालीन और दूरदराज के इलाकों के क्लिनिकों में उपयोग किए जाते हैं।



### साफ पानी और हवा

आईएसएस पर पानी की कमी को देखते हुए एक रीसायक्लिंग सिस्टम विकसित किया गया है, जो पानी की खपत को 65% तक कम करने का काम करता है। इस टेक्नोलॉजी को अब उन गांवों में उपयोग किया जा रहा है, जहां पानी की आपूर्ति स्थिर नहीं है। हवा की सफाई और नमी कंट्रोल के अध्ययन ने अस्पतालों, कार्यालयों और फैक्ट्री में वेंटिलेशन सिस्टम बेहतर बनाने में मदद की है।

### आपदा राहत में मदद

आईएसएस के ऊपर से पृथ्वी का दृश्य हमेशा उपलब्ध रहता है। तूफान, आग, ज्वालामुखी और भूकंप जैसी घटनाओं की तस्वीरें आपदा प्रबंधन में मदद करती हैं। उदाहरण के तौर पर, 2010 में चिली में 33 खनिकों के फंसने पर नासा की सलाह उनके जीवन और स्वास्थ्य की सुरक्षा में मददगार साबित हुई है।

### 3डी प्रिंटिंग और फायर सेफ्टी मॉडल्स

अंतरिक्ष में द्रव, आग और पदार्थ अलग तरीके से काम करते हैं। आईएसएस पर आग के फैलने के अध्ययन से विमान, फैक्ट्री और ऊंची इमारतों में फायर सेफ्टी मॉडल्स बेहतर हुए हैं। वहीं, 3डी प्रिंटिंग के प्रयोग ने भविष्य की लंबी अंतरिक्ष यात्राओं के लिए धातु के उपकरण बनाने में मदद की है।

# कानूनी लड़ाई जीतकर 3 फीट कद के गणेश बरैया बने डॉक्टर

एजेंसी ▶▶| गांधीनजर



मंज़िलें कभी ऊंचाई नहीं देखतीं, सिर्फ हौसले पहचानती हैं और गुजरात के गणेश बरैया इसकी सबसे जीवंत मिसाल हैं। महज़ 3 फीट कद, 72% दिव्यांगता और समाज की अनगिनत आशंकाओं के बीच भी उन्होंने डॉक्टर बनने का सपना न सिर्फ जिंदा रखा, बल्कि उसे सच भी कर दिखाया. कई बार कानून, नियम और लोग रास्ता रोकते रहे, लेकिन गणेश का जज्बा किसी दीवार से कम नहीं पड़ा। आज वे लाखों लोगों को यह विश्वास दे रहे हैं कि सपनों की ऊंचाई इंसान की ऊंचाई से कहीं ज्यादा बड़ी होती है। गुजरात के गणेश बरैया आज उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा बन गए हैं जो परिस्थितियों से हार नहीं मानते।

**मेडिकल काउंसिल ने किया था प्रवेश से मना :** गणेश बरैया का संघर्ष तब शुरू हुआ जब मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने 2018 में उन्हें सिर्फ कद के आधार पर एमबीबीएस में प्रवेश देने से इनकार कर दिया था। उनका कहना था कि इतनी कम ऊंचाई और वजन के कारण वह डॉक्टर का काम ठीक से नहीं कर पाएंगे। गणेश ने इस फैसले को चुनौती देने का फैसला किया। नीलकंठ विद्यापीठ, तलाजा के प्रिंसिपल डॉ. दलपतभाई कटारिया ने उनके कानूनी खर्च का बड़ा हिस्सा उठाया, क्योंकि गणेश का परिवार खेती पर निर्भर था और इतने बड़े केस का खर्च नहीं उठा सकता था।

### हाई कोर्ट की निराशा और आगे की लड़ाई

गणेश ने गुजरात हाईकोर्ट में अपील की, लेकिन हाई कोर्ट ने एमसीआई का फैसला सही बताया। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अपनी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक ले गए। चार महीने की कानूनी जद्दोजहद के बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि गणेश को उनकी ऊंचाई के आधार पर मेडिकल प्रवेश से वंचित नहीं किया जा सकता। इसी फैसले ने उनके सपनों की राह खोल दी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद गणेश को भावनगर मेडिकल कॉलेज में 2019 में एडमिशन मिला। उन्होंने पूरी मेहनत से पढ़ाई की और स्टेट इंटर्नशिप पूरी करने के बाद अब डॉक्टर के रूप में सेवा दे रहे हैं।

### गांवों की सेवा का लक्ष्य

गणेश का कहना है कि वे ग्रामीण इलाकों के गरीब लोगों का इलाज करना चाहते हैं, क्योंकि वहीं सबसे ज्यादा जरूरत है। उनका सपना है कि लोग उन्हें उनकी ऊंचाई नहीं, उनके काम से पहचानें। गणेश बताते हैं कि कई मरीज पहली बार देखकर थोड़ा हैरान हो जाते हैं, लेकिन बाद में उन्हें पूरी तरह स्वीकार कर लेते हैं। गणेश भी मरीजों की शुरुआती प्रतिक्रिया को सहजता और सकारात्मकता से स्वीकार करते हैं।

# चीन में बुजुर्ग महिला ढूंढ रही है 'नई बेटी', जिसे हर महीने देगी सैलरी

**बीजिंग।** आपने गोद लिए बेटे और बेटी के बारे में बहुत सुना होगा. लेकिन, क्या आपने कभी ये सुना है कि किसी ने सैलरी देकर किसी को अपनी बेटी बना लिया हो। चीन के हेनान प्रांत से एक अनोखी और भावुक करने वाली खबर सामने आई है। एक बुजुर्ग महिला अपनी देखभाल के लिए एक नई 'बेटी' खोज रही है। महिला का उपनाम मा है और वह अपनी वास्तविक बेटियों से अब कोई सहारा न मिलने के कारण किसी ऐसे शख्स की तलाश में है जो बेटी की तरह उसका ख्याल रख सके।



### दो बेटियां होने के बावजूद भी अकेलापन

मा ने बताया कि उसकी दो बेटियां हैं- पहली बेटी उससे बिल्कुल भी संपर्क नहीं रखना चाहती, जबकि दूसरी मानसिक रूप से सक्षम नहीं है और स्वयं की भी देखभाल नहीं कर सकती. मा को अस्थमा है और वह मुश्किल से 100 मीटर चल पाती है। इस उम्र और स्थिति में उसे किसी ऐसे साथी की ज़रूरत है जो उसके साथ डॉक्टर के पास जाए, घर का ध्यान रखे और उसे बेटी जैसा स्नेह दे।

### रिश्तों की दूरी ने बढ़ाया दर्द

मा की बड़ी बेटी का कहना है कि वह बेरोज़गार है और मां की देखभाल नहीं कर सकती. उसने यह भी कहा कि मां के फैसले 'उसका मामला नहीं' हैं। मा ने वर्षों पहले अपने पति से तलाक ले लिया था और धीरे-धीरे अपने रिश्तेदारों से भी संपर्क खो दिया. इन्हीं परिस्थितियों ने उसे नई 'बेटी' की तलाश करने के लिए मजबूर कर दिया।

### इंटरनेट पर मिली मिली-जुली प्रतिक्रिया

इस खबर पर ऑनलाइन लोगों की प्रतिक्रियाएं मिली-जुली रहीं। कुछ लोगों ने इस भूमिका में दिलचस्पी दिखाई, जबकि कईयों ने इसे जोखिम भरा बताया। एक ने लिखा- 'लगता है वह सिर्फ खुद की नहीं, बल्कि अपनी दूसरी बेटी की देखभाल भी किसी से कराना चाहती है।' दूसरे ने कमेंट किया - 'जो अपनी असली बेटी को संपत्ति नहीं दे रही, वह किसी नई 'बेटी' के साथ कैसा व्यवहार करेगी?'

### बदले में देगी फ्लैट, हर महीने सैलरी

अपनी देखभाल के बदले मा ने बेहद बड़ा प्रस्ताव रखा है। वह अपनी दो फ्लैटों में से एक, अपने सारे सामान और अपनी पेंशन में से 3 हज़ार युआन (लगभग 420 डॉलर) मासिक वेतन देने को तैयार है। चीनी मीडिया के अनुसार, मा के पास 4 लाख युआन (56, 000 डॉलर) की अतिरिक्त बचत भी है। मा चाहती है कि यह व्यवस्था पूरी तरह कानूनी हो, इसलिए वह भविष्य की 'बेटी' के साथ एक आधिकारिक अनुबंध करने के लिए भी तैयार है।

### कानूनी विशेषज्ञों की राय

हेनान प्रांत के वकील शी जुनची ने कहा कि चीन के कानून के अनुसार, मा की बड़ी बेटी पर अपनी मां की देखभाल की कानूनी ज़िम्मेदारी है, चाहे वह विरासत छोड़े या नहीं। उन्होंने यह भी बताया कि अगर कोई महिला मा की 'बेटी' बनने के लिए राज़ी होती है, तो उसके लिए एक वैध 'लेगेसी सपोर्ट एग्रीमेंट' ज़रूरी होगा।

**हरिभूमि माह नवम्बर 2025 का मासिक बिल**

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 30 दिन | 5.00 | 150.00 |
| | कुल | 150.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक नवम्बर 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक

# ईरान की मेहरालू झील पर फ्लेमिंगो की अजीबोगरीब कारीगरी

**तेहरान।** कभी-कभी नेचर ऐसा दृश्य रच देती है, जिसे देखकर लगता है जैसे वो चुपचाप ब्रश उठाकर पानी पर पेंटिंग बना रही हो। इंसान लाख कोशिश कर ले, लेकिन प्रकृति की कला में वो रहस्यमयी शांति और जादू नहीं ला सकता। ईरान की मेहरालू झील से आया एक वायरल वीडियो भी ऐसा ही है, जहां फ्लेमिंगो के एक झुंड ने ऐसा पैटर्न बनाया...जिसे देखकर लोग कहने को मजबूर हो गए कि, 'ये पक्षी नहीं...कोई आसमानी कलाकार हैं।'

**फ्लेमिंगो की अनोखी चाल, पानी पर बना गुलाबी चक्र :** ड्रोन फुटेज में देखा जा सकता है कि, कैसे सैकड़ों फ्लेमिंगो बिना किसी जल्दबाजी के पानी पर आगे बढ़ रहे हैं। उनकी पतली पैरों की चाल इतनी सिंक्रोनाइज थी कि दूर से देखने पर ऐसा लग रहा था जैसे झील की सतह पर कोई गुलाबी लकीर खिंच रही हो। धीरे-धीरे यह झुंड आगे बढ़ा...फिर थोड़ा रुककर एक छोटा, लेकिन बेहद सटीक गोल आकार बना लेता है। ये गोल पैटर्न इतना परफेक्ट था कि देखकर लोग पूछने लगे, 'क्या ये बर्ड्स नेचर के जियोमेट्री मास्टर्स हैं?'



### आसमान और पानी ने मिलकर रचाया जादू

फार्स प्रांत के शीराज शहर के पास बनी मेहरालू झील एक मौसमी झील है। इसके चारों ओर 2,000 मीटर तक ऊंचे पहाड़ खड़े हैं, जैसे इस झील की खूबसूरती की पहरेदारी कर रहे हों और इसी शांत झील पर नवंबर 2025 में वो नजारा दिखा, जिसने दुनिया को अचंभित कर दिया।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com